शनिवार, 23 मई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 36 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 04:53 | सूर्यास्त: 18:12 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : आप किस-किस के दिल में रहेंगे, यह आपका व्यवहार तय करेगा।



सनराइजर्स हैदराबाद जीती, हार के बावजूद आरसीबी तालिका में शीर्ष पर रही पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

## दिल्ली दौरे में बंगाल के विकास, सुरक्षा, सीमा और सुशासन पर हुई चर्चा









### ■ प्रधानमंत्री ने राज्य के विकास को बताया केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अलग-अलग मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद राजधानी में उनकी यह पहली आधिकारिक यात्रा रही, जिसे राज्य की राजनीति और विकास योजनाओं के लिहाज से अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की मुलाकात की तस्वीर साझा की। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात को सम्मान और सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री के साथ यह उनकी पहली औपचारिक बैठक थी। अधिकारी ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास' के अपने विजन को दोहराते हुए स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल का विकास केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्य को आर्थिक गतिरोध से बाहर निकालने, औद्योगिक पुनरुद्धार, निवेश बढ़ाने और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग और जनता के विश्वास के साथ बंगाल में तेज विकास और पारदर्शी शासन का नया दौर शुरू होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। अधिकारियों के अनुसार, बैठक में सीमा सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। अमित शाह ने मुख्यमंत्री को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर बंगाल के विकास एवं सुशासन के लिए काम करेंगे। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी शिष्टाचार मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक अनुभव की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

### मुख्यमंत्री शुभेंदु ने लेटरहेड से हटाई हिंदी-उर्दू भाषा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन और भाजपा की नई सरकार बनने के बाद केवल एक प्रशासनिक फेरबदल या सरकारी स्टेशनरी में बदलाव मात्र नहीं है, बल्कि यह राज्य की भावी राजनीति की दिशा तय करने वाला एक बड़ा वैचारिक मोड़ है। नवनियुक्त मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपने आधिकारिक लेटरहेड से उर्दू और हिंदी को हटाकर उसे एक बार फिर 'द्विभाषी' (बांग्ला और अंग्रेजी) बना दिया है। इसके साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी सरकार के सबसे पसंदीदा प्रतीक 'बिस्वा बांग्ला' का 'बी' वाला लोगो को भी हटा दिया है।

### भारत ने 'अग्नि-1' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-1' का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण में सभी अभियानगत और तकनीकी मानक प्राप्त कर लिए गए। इसने कहा, ''यह परीक्षण सामरिक बल कमान के अंतर्गत किया गया।''

# पाक-बांग्लादेश सीमा होगी अभेद्य, अगले साल शुरू होगी 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना : शाह



## ड्रोन, रडार और स्मार्ट कैमरों से लैस होगी 6,000 किमी सीमा सुरक्षा व्यवस्था, घुसपैठ रोकने पर केंद्र का बड़ा जोर

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले साल स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा को अभेद्य बनाया जा सके और इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश विफल की जा सके। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा यहां आयोजित वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में शाह ने इस बात को भी दोहराया कि सरकार देश से प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढ निकालेगी और उन्हें भारत से बाहर भेजेगी। बीएसएफ की 1965 में स्थापना के बाद के. एफ. रुस्तमजी इसके पहले महानिदेशक थे। शाह ने कहा, ''मैं बीएसएफ के जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इसकी स्थापना के 60वें वर्ष में स्मार्ट बॉर्डर परियोजना को शुरू करेंगे और पाकिस्तान-बांग्लादेश की सीमाओं को अभेद्य बनाएंगे।'' शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने अगले एक साल में पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर एक मजबूत सुरक्षा घेरा बनाने का फैसला किया है और स्मार्ट बॉर्डर को तकनीक, ड्रोन, रडार और स्मार्ट कैमरों की मदद से अभेद्य सीमा बनाने में सहायता मिलेगी। मंत्री ने बीएसएफ जवानों से भारत की जनसंख्या को कृत्रिम रूप से बदलने की साजिश को नाकाम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम की मौजूदा भाजपा सरकारें इस नीति में विश्वास रखती हैं कि भारतीय सीमाओं से कोई घुसपैठ नहीं होनी चाहिए। शाह ने कहा कि उनका मंत्रालय जल्द ही सीमा सुरक्षा के विषय पर इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेगा।

## पेपर लीक मामले में 11वीं गिरफ्तारी

# सीबीआई ने पुणे की लेक्चर मनीषा हवलदार को लिया हिरासत में

**नयी दिल्ली :** सीबीआई ने नीट यूजी के फिजिक्स पेपर लीक मामले में पुणे की मनीषा संजय हवलदार को गिरफ्तार किया है। एजेंसी इस मामले में बड़े नेटवर्क की जांच कर रही है। पेपर लीक मामले में अब तक यह 11वीं गिरफ्तारी है। हवलदार पर फिजिक्स के प्रश्नपत्र को कुछ अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का आरोप है। सीबीआई के मुताबिक मनीषा संजय हवलदार पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला में कार्यरत हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें पेपर लीक का एक महत्वपूर्ण स्रोत बताया है। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि जांच के दौरान एजेंसी ने एक और मुख्य आरोपी की पहचान की है, जो नीट यूजी 2026 के फिजिक्स प्रश्नों के लीक होने का स्रोत थी।

# केएमसी में अभूतपूर्व घटनाक्रम : अधिवेशन कक्ष पर ताला, क्लब रूम में हुई बैठक

### ■ बैठक में 47 तृणमूल पार्षद रहे अनुपस्थित



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) में शुक्रवार को अभूतपूर्व स्थिति देखने को मिली, जब मासिक अधिवेशन के लिए पहुंचे पार्षदों को बंद अधिवेशन कक्ष के बाहर इंतजार करना पड़ा। अधिवेशन कक्ष पर ताला लगे होने के कारण पार्षद अंदर प्रवेश नहीं कर सके। इसके बाद, तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं निगम की चेयरपर्सन माला राय ने कुछ समय तक इंतजार किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर क्लब रूम में बैठक आयोजित करनी पड़ी। नगर निगम में आयोजित इस बैठक में मेयर फिरहाद हाकिम भी मौजूद रहे। उन्होंने घटना को 'नगर निगम का काला दिन' बताते हुए कहा कि मैं राज्य सरकार से अपील करता हूं कि टकराव की राजनीति छोड़कर आम नागरिकों के हित में मिलकर काम किया जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित तृणमूल पार्षदों का धन्यवाद भी किया। इस दिन, दोपहर में तृणमूल कांग्रेस के पार्षद बैठक के लिए निगम मुख्यालय पहुंचे। चेयरपर्सन माला राय, मेयर फिरहाद हाकिम समेत अन्य नेता भी उपस्थित थे। हालांकि, वहां पहुंचने पर देखा गया कि अधिवेशन कक्ष पर ताला लगा हुआ है। पार्षदों के इंतजार के बावजूद दरवाजा नहीं खोला गया। माला राय ने कई बार अधिवेशन कक्ष का ताला खोलने का अनुरोध किया, लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला तो अंततः क्लब रूम में बैठक आयोजित की गई। वहीं, माला राय, फिरहाद हकीम और अन्य पार्षदों ने अपने विचार रखे। केएमसी में तृणमूल कांग्रेस के कुल 137 पार्षद हैं, जिनमें से लगभग 90 पार्षद बैठक में मौजूद थे। आरोप है कि क्लब रूम में आयोजित बैठक में माइक्रोफोन की भी व्यवस्था नहीं की गई थी, जिसके कारण नेताओं को बिना माइक के अपनी बात रखनी पड़ी। माला राय ने कहा कि हमने अधिवेशन कक्ष का ताला खोलने का अनुरोध किया था, लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। मजबूर होकर हमें क्लब रूम में बैठक करनी पड़ी।

# आरबीआई 2025-26 के लिए सरकार को देगा रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की है। यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 2.69 लाख करोड़ रुपये से 6.7 प्रतिशत अधिक है। आरबीआई की केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह फैसला गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में लिया गया।आरबीआई के अनुसार, जोखिम प्रावधान और वैधानिक कोष में हस्तांतरण से पहले उसकी शुद्ध आय बढ़कर 3.96 लाख करोड़ रुपये हो गई। केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट भी 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91.97 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई।आरबीआई ने आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में 1.09 लाख करोड़ रुपये डालने का निर्णय लिया, जो पिछले वर्ष से काफी अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अधिशेष राशि पश्चिम एशिया संकट, बढ़ते आयात बिल और रुपये की कमजोरी के बीच सरकार के लिए बड़ा सहारा साबित होगी।

# भोजशाला : 721 वर्ष बाद दिनभर गूंजे जयकारे, निर्विघ्न हुई मां वाग्देवी की पूजा



**धार :** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद आए पहले शुक्रवार ने धार स्थित भोजशाला के इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। 721 वर्ष बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब शुक्रवार को पूरे दिन मां वाग्देवी की निर्विघ्न पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पूरा परिसर मां वाग्देवी के जयकारों, शंखनाद और घंटे-घड़ियाल की गूंज से भक्तिमय हो उठा। जहां कभी शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाती थी, वहां पूरे दिन निर्विघ्न पूजा-अर्चना होती रही। पूरा धार शहर भगवा ध्वजों और केसरिया पताकाओं से सजा नजर आ रहा था। वातावरण में ऐसी आस्था उमड़ रही थी, मानो लंबे समय से थमी किसी धारा को आखिरकार मार्ग मिल गया हो। सुबह सात बजे जैसे ही भोजशाला के द्वार खुले, श्रद्धालुओं की भीड़ मां वाग्देवी के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। आसपास के गांवों और कस्बों से भक्तों के जत्थे लगातार धार पहुंचते रहे। सुबह नौ बजे महाआरती के साथ आराधना का जो क्रम शुरू हुआ, वह सूर्यास्त तक निरंतर चलता रहा। चिलचिलाती धूप भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं रोक सकी और लोग घंटों कतार में खड़े रहकर दर्शन करते रहे।दोपहर करीब सवा बजे हुई महाआरती के दौरान भोजशाला में भावुक दृश्य देखने को मिला। भोजशाला मुक्ति आंदोलन में प्राण गंवाने वाले तीन बलिदानियों के परिवार भी मां वाग्देवी के दर्शन के लिए पहुंचे। उनकी आंखों में वर्षों के संघर्ष की पीड़ा जरूर थी, लेकिन चेहरे पर न्याय मिलने का संतोष साफ झलक रहा था। वर्ष 2003 में भोजशाला मुक्ति आंदोलन के दौरान पुलिस गोलीबारी में लक्ष्मण सिंह, बन सिंह और अंतर सिंह की जान चली गई थी। पुलिस की सख्ती के चलते शोभायात्रा भले ही स्थगित कर दी गई, लेकिन धार शहर पूरे दिन उत्सव और श्रद्धा के रंग में डूबा रहा।

**भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट में लगी याचिका पर नहीं हुई सुनवाई**

भोजशाला को लेकर आए हाईकोर्ट के फैसले को मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और गुरुवार रात साढ़े आठ बजे सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की है, लेकिन शुक्रवार को उस याचिका पर सुनवाई नहीं हुई। उधर, भोजशाला मामले को लेकर पहले ही सुप्रीम कोर्ट में हिंदू पक्ष की ओर से कैविएट दायर की गई है और कहा गया है कि उनका पक्ष भी सुप्रीम कोर्ट सुने।

# भारत-साइप्रस संबंध रणनीतिक साझेदारी में तब्दील, रक्षा सहयोग के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना



**मोदी-क्रिस्टोडौलाइड्स वार्ता में छह समझौतों पर हस्ताक्षर, साइबर सुरक्षा, निवेश, तकनीक और आतंकवाद-रोधी सहयोग को मिलेगा नया विस्तार**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच शुक्रवार को हुई व्यापक वार्ता के दौरान भारत और साइप्रस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने की घोषणा की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए पांच वर्षीय कार्ययोजना भी पेश की। वार्ता के बाद नवाचार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से छह महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।दोनों पक्षों ने प्रवासन पर व्यापक साझेदारी को जल्द अंतिम रूप देने पर सहमति जताई। हस्ताक्षरित समझौतों में आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यबल की स्थापना से जुड़ा समझौता भी शामिल है। वार्ता का मुख्य फोकस व्यापार एवं निवेश, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, शिक्षा और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के कार्यान्वयन को गति देना रहा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रणनीतिक साझेदारी से दोनों देशों के बीच पूंजी निवेश और आर्थिक सहयोग को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि साइप्रस के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और कृषि क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसर खुलेंगे, जबकि भारत के तेजी से बढ़ते समुद्री और नौवहन क्षेत्र में निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मोदी ने कहा, भारत और साइप्रस के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और अब रणनीतिक साझेदारी के साथ इन्हें नई दिशा और गति मिलेगी।






## आपदा मानकर तैयारी बढ़ाने की जरूरत

हाल के दिनों में आसमान से बरसती आग से देश में जन-जीवन बुरी तरह झुलस रहा है। रोज तापमान बढ़ने के नये रिकॉर्ड सामने आ रहे हैं। ये असहनीय तापमान केवल स्वास्थ्य की चुनौती मात्र नहीं है, बल्कि एक आर्थिक संकट भी है। देश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक भीषण गर्मी में काम करने को मजबूर हैं। यदि वे ऐसा न करें तो उनके सामने आजीविका का संकट पैदा हो जाता है। स्कूल-कालेज तो लू के दौरान बंद किए जा सकते हैं, सरकारी व गैर सरकारी दफ्तरों में काम के घंटों में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर व निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को तो तपती दोपहरी व लू के बीच काम करने को मजबूर होना पड़ता है। दरअसल, लू की मार जहां शारीरिक है, वहीं आर्थिक भी। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों की आजीविका और श्रम उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है। इस संकट को हाल के दिनों में हुई ईंधन की कीमतों की वृद्धि और महंगाई ने और बढ़ा दिया है। लोगों को सीमित संसाधनों में जीवन यापन को मजबूर होना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे घातक प्रभाव उस तबके को सहन करना पड़ता है जो 'रोज कुंआ खोदकर पानी पीने' को बाध्य है। एक दिन की कमाई से ही रात को उसके घर का चूल्हा जलता है। लू के निशाने पर वे अनौपचारिक श्रमिक हैं जो भारतीय आर्थिकी की रीढ़ है। सही मायनों में लू के खिलाफ लड़ाई को अब केवल एक मौसमी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या ही नहीं माना जा सकता है। धीरे-धीरे यह एक गंभीर आर्थिक चुनौती भी बनी है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस बाबत चेताते रहे हैं। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया था कि लू से उपजे हालात से भारत को सौ अरब डॉलर का नुकसान हुआ था।

इससे पहले वर्ष 2022 में विश्व बैंक ने चेतावनी दी थी कि भारत का तीन-चौथाई श्रमिक वर्ग लू से प्रभावित क्षेत्रों में काम करने को मजबूर है। अनुमान है कि लू के तनाव के कारण होने वाली विश्वव्यापी नौकरियों की कमी में भारत की हिस्सेदारी आधी हो सकती है। दरअसल, भारत में सबसे अधिक जोखिम वाले समूहों में निर्माण श्रमिक, खेतिहर श्रमिक, किसान, स्ट्रीट वेंडर और डिलीवरी एजेंट शामिल हैं। हालांकि, समय-समय पर केंद्र व राज्य सरकारों ने कार्य समय का पुनर्निधारण, छायादार विश्राम क्षेत्र बनाने, जलपान सुविधा, सुरक्षात्मक कपड़े और स्वास्थ्य निगरानी को लेकर एडवाइजरी जारी की है,लेकिन फिर भी संकट के दायरे को देखते हुए ये उपाय नाकाफी हैं। देखा जाए तो फिलहाल भारत में गर्मी के संकट से मुकाबले के लिये बनायी गई योजनाएं काफी हद तक अस्थायी रूप से राहत देने वाली हैं। वक्त की मांग है कि भीषण गर्मी वाले महीनों के लिये तत्काल व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए। ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो लू चलने के दौरान सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करे। इस साल के आरंभ में वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि भीषण गर्मी के दौरान चलने वाली लू को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल किया जाए। निस्संदेह, इस वर्गीकरण से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मिलने वाले धन का उपयोग लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने में मदद देगा। इसके अलावा लू के दौरान कई अन्य नकारात्मक प्रभाव भी देखने में आते हैं। मसलन इस समय बिजली व पानी की खपत अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। इससे निबटने के लिये मजबूत और सक्रिय तंत्र विकसित करने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से देश के नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों के सामने इस संकट से मुकाबले के लिये स्पष्ट विकल्प मौजूद हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि समय रहते निर्णायक रूप से अनुकूलन का तंत्र विकसित करें। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में अधिक मानवीय क्षति व आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 मई, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष अष्टमी, 28:28 तक, नक्षत्र : मघा, 26:08 तक, योग : ध्रुव, 06:09 तक, सूर्योदय: 04:53, सूर्यास्त: 18:12, चन्द्रोदय : 11:59, चन्द्रास्त: 00:19, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 08:53 से 10:32

## राशिफल

**मेष :** आज आपका मान-सम्मान और प्रभाव दोनों बढ़ने वाले हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की छवि और मजबूत होगी। हालांकि किसी की बात दिल पर लेना आपको परेशान कर सकता है।

**वृष :** आज संपत्ति और निवेश से जुड़े मामलों में किस्मत आपका साथ दे सकती है। कई काम एक साथ आने से व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सपना पूरा हो सकता है।

**मिथुन :** आज आपका नाम समाजसेवा और अच्छे कार्यों से चमक सकता है। आपकी नई कोशिशें रंग लाएंगी और लोग आपकी तारीफ करेंगे। काम टालने का मन करेगा।

**कर्क :** आज का दिन सकारात्मक रहेगा, लेकिन मन किसी बात को लेकर बेचैन रह सकता है। भाई-बहनों के साथ आपका रिश्ता और मजबूत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**सिंह :** आज आपकी मआज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। पड़ोस या आसपास के विवादों से दूरी बनाकर रखें। पुराने लेनदेन की उलझन सुलझ सकती है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**कन्या :** आज सफलता और तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। लंबे समय से अटका सरकारी काम पूरा होने की संभावना है। वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी रखें।

**तुला :** आज मेहनत का पूरा फल मिलने वाला है। आप भविष्य को सुरक्षित करने के लिए धन निवेश की नई योजनाएँ बना सकते हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही नुकसान दे सकती है।

**वृश्चिक :** आज आपके दिमाग में नए और शानदार आइडिया लगातार आते रहेंगे। बिजनेस में नई शुरुआत लाभ दे सकती है। जीवनसाथी के करियर में भी नया अवसर दस्तक दे सकता है।

**धनु :** आज लेनदेन के मामलों में सतर्क रहना जरूरी होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी, लेकिन किसी के बहकावे में आकर फैसला लेने से बचें।

**मकर :** आज का दिन नई संभावनाएँ लेकर आएगा। यात्रा या घूमने के दौरान कोई खास जानकारी हाथ लग सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ा पद या सम्मान मिल सकता है।

**कुम्भ :** आज मौज-मस्ती और खुशी का माहौल बना रहेगा। छोटे बच्चों के साथ बिताया गया समय आपकी सारी टेंशन दूर कर देगा। पिताजी से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**मीन :** आज भागदौड़ ज्यादा रहेगी और मन थोड़ा उलझा हुआ महसूस कर सकता है। कामों में लापरवाही भविष्य में परेशानी खड़ी कर सकती है, इसलिए हर जिम्मेदारी समय पर पूरी करें।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026: दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना


श्री प्रताव राव जाधव

आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नज़र आती है- वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे-समझे किया जाने वाला उपभोग।

प्राकृतिक संसाधनों के ज़रुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक ज़िम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म-नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें।

**सोच समझकर वस्तुओं का उपभोग करने का आह्वान**

अत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने 'मिशन ङ्ळत्रऋ' (लाइफ़स्टाइल फ़ॉर एनवायरनमेंट) के ज़रिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। उजझ26 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा है: आज ज़रूरत है सचेत और सोच-समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे-समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की।

हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक ज़िम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-ज़रूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलाया: हर छोटा-बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है।

ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन 'अपरिग्रह' - यानी अनावश्यक चीज़ों को जमा करने से बचना और 'संतोष' यानी अपनी असली ज़रूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं, जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमें निष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का ज़िम्मेदार रखवाला बनाता है।

**पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक साधन के रूप में योग**

पृथ्वी पर इंसानी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तो काफ़ी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं।

योग का अभ्यास धीरे-धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचैनी को शांत करता है, जल्दबाज़ी वाली आदतों को कम करता है और आत्म-अनुशासन को मज़बूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी ज़रूरत हमें अपनी असली ज़रूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फ़र्क समझने के लिए होती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हूँ कि योग किस तरह गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतों और अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए ज़रुरी है।

इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढाँचा भी है।

**भारत का वैश्विक योग नेतृत्व**

आज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है।

हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है।

योग के ज़रिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर-बाध्यकारी और समावेशी ढाँचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूँकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है। योग की सामूहिक भावना के ज़रिए, स्थिरता, संयम और सचेत जीवन-शैली के संदेश अधिक दूर तक पहुँच सकते हैं और लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ सकते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए एक सामूहिक संकल्प**

सच्चा कल्याण अकेले अस्तित्व में नहीं हो सकता। मानव स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और संपूर्ण ग्रह का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और पर्यावरण के क्षरण की चुनौतियों के लिए न केवल नीतिगत हस्तक्षेप, बल्कि व्यवहार में परिवर्तन भी ज़रुरी है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आइए हम अपनी प्रतिबद्धता को योग मैट से आगे बढ़ाएं। आइए हम योग को केवल दैनिक अभ्यास के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाएं। एक ऐसी जीवन शैली जो सचेत उपभोग, आंतरिक अनुशासन और पारिस्थितिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करती है। आइए हम प्रधानमंत्री के सचेत जीवन जीने के आह्वान पर काम करें और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें, जहां तरक्की और विकास को केवल हमारे उपभोग से नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी से जीने के तरीके से मापा जाए। अपने आंतरिक वातावरण को बदलकर, हम सब मिलकर अपने ग्रह के बाहरी वातावरण को ठीक कर सकते हैं।

लेखक आयुष मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं।)

# तपती धरती, झुलसता जीवन : हीटवेव की चुनौती


ललित गर्ग

वर्ष 2026 की गर्मी केवल एक मौसमीय घटना नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है। अप्रैल-मई के दौरान भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक हिस्सों में पड़ी रिकॉर्ड हीटवेव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान की भयावह वास्तविकता है। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के अनेक क्षेत्रों में तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई शहरों में बिजली की मांग ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सड़कें सूनी दिखने लगीं, श्रमिकों का श्रम ठहरने लगा और बच्चों, बुजुर्गों तथा गरीब तबकों के सामने जीवन बचाने की चुनौती खड़ी हो गई। यह संकट अचानक नहीं आया। यह दशकों से प्रकृति के साथ किए गए असंतुलित व्यवहार, अंधाधुंध शहरीकरण, जंगलों की कटाई, संसाधनों के दोहन और सुविधावादी जीवनशैली का परिणाम है। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उन संकेतों को अनसुना किया। आज वही उपेक्षित चेतावनियां लू बनकर हमारे सामने खड़ी हैं।

हीटवेव का सबसे बड़ा कारण केवल बढ़ता तापमान नहीं, बल्कि वह विकास मॉडल है जिसने धरती की प्राकृतिक ढाल को कमजोर कर दिया। जंगल सदियों से पृथ्वी के प्राकृतिक एयर कंडीशनर रहे हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को शीतल रखते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। लेकिन विडंबना है कि विकास के नाम पर जंगलों का तेजी से विनाश हुआ। हर वर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय स्तर पर तापमान बढ़ा, नमी कम हुई, वर्षा चक्र प्रभावित हुआ और गर्म हवाओं की अवधि लंबी होती गई। आज शहर कंक्रीट के जंगल बन चुके हैं। महानगरों में हरित क्षेत्र सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी जगह सीमेंट, डामर और शीशे की ऊंची इमारतें ले रही हैं। इससे अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव तेजी से बढ़ा है। शहर अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक गर्म हो चुके हैं। कंक्रीट दिनभर सूर्य की ऊष्मा को सोखता है और रात में धीरे-धीरे छोड़ता है। परिणामस्वरूप रातें भी गर्म होती जा रही हैं और शरीर को राहत नहीं मिल पाती।

दिल्ली, मुंबई, जयपुर और लखनऊ जैसे शहरों में रात का तापमान पहले की तुलना में लगातार बढ़ रहा है। गरीब बस्तियों में स्थिति और भी गंभीर है। वहां न हरित क्षेत्र हैं, न पर्याप्त जल आपूर्ति, न शीतलन के साधन। टीन की छतों वाले घर दिन में भट्ठी बन जाते हैं। गर्मी की मार सामाजिक असमानता को और गहरा करती है। अमीर वर्ग एयर कंडीशनर और बंद कमरों में राहत खोज लेता है, लेकिन मजदूर, रिक्शा-चालक, रेहड़ी वाले और निर्माण कार्य में लगे श्रमिक खुले आसमान के नीचे झुलसते रहते हैं। विडंबना यह भी है कि गर्मी से राहत का सबसे लोकप्रिय साधन एयर कंडीशनर स्वयं संकट को बढ़ाने वाला कारक बनता जा रहा है। एक एयर कंडीशनर कमरे को ठंडा करता है, लेकिन बाहर उतनी ही गर्म हवा छोड़ता है। इसके साथ ही बिजली की खपत बढ़ती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी कोयला आधारित ऊर्जा से आता है। रेफ्रिजरेंट गैसें अतिरिक्त ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं। इस प्रकार एक दुष्चक्र निर्मित हो गया है- गर्मी बढ़ती है, एसी बढ़ते हैं, उत्सर्जन बढ़ता है और फिर गर्मी और बढ़ जाती है।



जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। यह कृषि, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर डाल रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि बढ़ती गर्मी और अनिश्चित मौसम के कारण गेहूं, धान और अन्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं पौधों की वृद्धि रोकती हैं, जल स्रोतों को सुखाती हैं और मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी इसका गंभीर प्रभाव दिख रहा है। लू लगना, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सबसे अधिक खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले श्रमिकों को है।

गर्मी का यह संकट सामाजिक और मानवीय संकट भी बन सकता है। जल स्रोतों के सूखने, कृषि संकट और जीवन परिस्थितियों के बिगड़ने से बड़े पैमाने पर पलायन बढ़ सकता है। जैव विविधता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। अनेक जीव-जंतु और वनस्पतियां अपने प्राकृतिक आवास खो रही हैं। हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी करना पर्याप्त नहीं है। हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के प्रमुख विषय के रूप में स्वीकार करते हुए दीर्घकालिक नीतियां बनानी होंगी। सबसे पहले शहरों में हीट एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। प्रत्येक शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण, छायादार मार्ग, सार्वजनिक प्याऊ और शीतलन केंद्रों की व्यवस्था आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों के समय निर्धारण में क्षेत्रीय तापमान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। तीखी दोपहर में श्रमिकों के लिए कार्यावधि सीमित की जाए और उनके लिए विश्राम तथा पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य हो।

सरकार को भवन निर्माण नीति में भी परिवर्तन लाना होगा। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला-हवादार घर, आंगन, मिट्टी आधारित निर्माण, हरित छतें और प्राकृतिक वेंटिलेशन को बढ़ावा देना चाहिए। कांच की चमचमाती इमारतों और ऊष्मा अवशोषित करने वाले निर्माणों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। कूल रूफ तकनीक, वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा आधारित शीतलन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वन संरक्षण और वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। शहरों में माइक्रो फॉरेस्ट, पार्क और हरित गलियारों का निर्माण किया जाए। जल निकायों और पारंपरिक तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए क्योंकि वे स्थानीय तापमान नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल सरकारें यह लड़ाई नहीं जीत सकतीं। आम जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। हमें उपभोगवादी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा। पानी का संयमित उपयोग, ऊर्जा की बचत, वृक्षारोपण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण अब व्यक्तिगत विकल्प नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी हैं।

भारतीय समाज में कभी सार्वजनिक प्याऊ, छायादार विश्राम स्थल और जल सेवा की समृद्ध परंपरा थी। गर्मियों में राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था पुण्य कार्य माना जाता था। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। समाज, धार्मिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन मिलकर जल सेवा और राहत कार्यों का अभियान चला सकते हैं। गर्मी और जल संकट को राजनीति का विषय बनाने के बजाय सहयोग और समाधान का विषय बनाना होगा। जल विवादों और संसाधनों पर स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य को और कठिन बनाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को राष्ट्रीय सहमति का विषय बनाया जाए।

वर्ष 2026 की यह झुलसाती गर्मी हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने अभी भी प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित नहीं किया तो आने वाले वर्षों में स्थिति और विकराल होगी। पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, जैव विविधता नष्ट होगी, खाद्य संकट गहराएगा और मानव जीवन अधिक कठिन हो जाएगा। यह समय प्रकृति से संघर्ष का नहीं, उसके साथ सामंजस्य का है। हमें विकास की ऐसी दिशा चुननी होगी जिसमें पर्यावरण, मानव जीवन और भविष्य सुरक्षित रह सके। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब सूरज की तपिश केवल असुविधा नहीं, अस्तित्व का संकट बन जाएगी।

-लेखक,पत्रकार एवं स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3447



*बायें से दायें:-* 1) बेहिसाब, 4) अस्थिर, 7) धिक्कारना, 9) घाटा, 11) भागा हुआ *(अपराधी)*, 12) खून, 14) *जवान* का संक्षिप्त रूप, 15) ढकोसना; लीलना, 17) ऊपर तक भरा हुआ, 21) बाधक वस्तु, 22) दानशील, 23) जोड़ का तोड़, 26) प्रसिद्ध; सामान्य, 27) जल्दी-जल्दी, 28) भटकती आत्मा, 30) कुश्ती, 31) अश्लील; बेहूदी.

*ऊपर से नीचे:-* 2) मिठास, 3) मग्न, 4) निर्मोही, 5) छोला, 6) सीमा, 8) काफिला, 10) मूँदना *(आँखे)*, 11) पैदावार, 13) सामने, 14) कभी भी, 16) सख़्त, 18) एक मेवा, 19) बेल, 20) आवक, 23) पुराणपंथी, 24) पतंग, 25) समाविष्ट, 26) इलज़ाम, 29) प्यारा बच्चा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | र्म | ना | क | ■ | श | र्ति | या | ■ | स |
| त्रु | ■ | मु | र | मु | रा | ■ | नी | ला | मी |
| त | ली | म | ■ | ज | ब | रा | ■ | ■ | प |
| ■ | ■ | कि | ना | रा | ■ | स | मा | न | ता |
| शै | ता | न | ■ | ■ | कुं | भ | ■ | गा | ■ |
| ■ | ना | ■ | आ | त्म | ज | ■ | भ | ड़ | स |
| द | शा | न | न | ■ | र | ग | ■ | ■ | ज |
| रा | ह | ■ | बा | र | ■ | ल | ग | भ | ग |
| ज़ | ■ | म | न | ग | ढ़ं | त | ■ | व्य | ■ |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3405

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | 6 | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | | 5 | 4 |
| 9 | 7 | | | | | | | 1 |
| | | | 3 | | 2 | 5 | 1 | 7 |
| | 5 | | | 4 | | | | |
| | | 8 | | 9 | | 3 | | |
| | | | | | | 4 | 7 | |
| | 9 | 6 | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3404 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 2 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |

# मानसून से पहले राज्य में तैयारी तेज, जलभराव रोकने के लिए युद्धस्तर पर काम शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की शहरी विकास एवं नगर मामलों की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने शुक्रवार को राज्य में आगामी मानसून को लेकर तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में विभिन्न नगर निकायों और नगर निगमों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ और जलभराव की स्थिति रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में शहरी विकास एवं नगर मामलों विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव खलिल अहमद, कोलकाता नगर निगम की आयुक्त स्मिता पांडेय तथा राज्यभर के नगर निकायों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कई अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़े।




बैठक के बाद, मंत्री ने कहा कि राज्य में दोबारा बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए तत्काल कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नालों और जलनिकासी चैनलों की सफाई एवं ड्रेजिंग युद्धस्तर पर कराई जाएगी। मंत्री के अनुसार, पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान कई बुनियादी समस्याओं की अनदेखी की गई थी, जिन्हें अब दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को जलभराव और उससे फैलने वाली बीमारियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल दोनों क्षेत्रों में विशेष एहतियाती उपाय किए जाएंगे, खासकर निचले इलाकों में जहां भारी बारिश के दौरान जलभराव की समस्या अधिक होती है। इसके लिए शहरी विकास विभाग राज्य सिंचाई विभाग के साथ समन्वय कर नहरों और जलनिकासी चैनलों की समय पर सफाई सुनिश्चित करेगा।

मंत्री ने बताया कि जिन क्षेत्रों में हर साल गंभीर जलभराव की समस्या होती है, वहां अतिरिक्त पंप लगाए जाएंगे। साथ ही, पूरे राज्य में नालों की शीघ्र सफाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि भारी वर्षा के दौरान पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने अधिकारियों को गली पिट और वर्षाजल निकासी तंत्र की सफाई तेज करने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि उत्तर बंगाल के पर्वतीय जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति रोकना सरकार की विशेष प्राथमिकता होगी, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारी बारिश और भूस्खलन से इन क्षेत्रों में लगातार परेशानी हुई है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान नागरिक सुविधाएं सुचारु बनी रहें, यह सरकार की तत्काल प्राथमिकता है। इसी सिलसिले में वह जल्द ही उत्तर बंगाल का दौरा कर जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगी।

मंत्री ने पिछले वर्ष की मानसूनी तबाही का उल्लेख करते हुए कहा कि तीस्ता नदी के उफान से राष्ट्रीय राजमार्ग-10 के कई हिस्से जलमग्न हो गए थे, जिससे उत्तर बंगाल और सिक्किम के बीच संपर्क कई बार बाधित हुआ था। उस दौरान कलिम्पोंग और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में कई भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई थीं। उन्होंने बताया कि फूलबाड़ी, डाबग्राम, धूपगुड़ी और मालबाजार जैसे इलाकों में खराब नागरिक ढांचा, जलनिकासी की समस्या और जर्जर सड़कें मानसून से पहले बड़ी चिंता का विषय बन चुकी हैं। मंत्री के अनुसार फूलबाड़ी और डाबग्राम में जलनिकासी व्यवस्था में बड़े सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि भारी बारिश के दौरान इन क्षेत्रों में अक्सर गंभीर जलभराव हो जाता है।

**NAME CHANGE**

I, Losmonia Bansfore, W/O- Late Mantu Bansfore @ Mantoo Basfore, residing at A-2/211A, Kalyani, P.O. & P.S.- Kalyani, Dist.- Nadia. In my husband P.P.O. book being no. 02064027613 my name has been recorded as Lakhia Basfore, W/O- Mantoo Basfore. Now I shall henceforth be known as Losmonia Bansfore, W/O- Late Mantu Bansfore @ Mantoo Basfore as declared before the 1st Class Ld. A.C.J.M. at Kalyani vide affidavit no. 56 dated 05/06/2025 Losmonia Bansfore, W/O- Late Mantu Bansfore and Lakhia Basfore, W/O- Mantoo Basfore both are same and identical person.

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी सूचना सं. पार्क-टॉयलेट-मिक्स दिनांक 28.05.2026

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए बाली स्टेशन (हावड़ा मंडल) में एसएसई/वर्क्स/बाली कार्यालय के पास वाले स्थान में सामान्य पे एंड यूज शौचालय और टू व्हीलर्स के लिए पार्किंग लॉट के परिचालन और प्रबंधन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पार्क-टॉयलेट-मिक्स, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** : 28.05.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-टीडब्ल्यू-301-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), विवरण:** बाली स्टेशन (हावड़ा मंडल) में एसएसई/वर्क्स/बाली कार्यालय के पास वाले स्थान में सामान्य पे एंड यूज शौचालय और टू व्हीलर्स के लिए पार्किंग लॉट का परिचालन और प्रबंधन। HWH-94/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## बंगाल सरकार ने 'अन्नपूर्णा योजना' के लाभार्थियों के सत्यापन का अभियान किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रस्तावित 'अन्नपूर्णा योजना' के लाभार्थियों के सत्यापन और उनसे जुड़े आंकड़ों में सुधार करने का अभियान शुरू किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के प्रशासन को एक जून को योजना के लागू होने से पहले यह प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य लाभार्थियों की सूची से अपात्र नामों को हटाना और वास्तविक लाभार्थियों का उचित सत्यापन सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि 'अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं' से जुड़े मामलों की जांच की जाएगी और अपात्र लाभार्थियों के नाम हटाने के प्रस्ताव प्रतिदिन प्रस्तुत करने होंगे। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों का विवरण पोर्टल पर सही ढंग से अद्यतन हो, ताकि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि भेजी जा सके।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि योजना लागू होने से पहले लाभार्थियों की सूची पूरी तरह साफ-सुथरी और सत्यापित हो। जिला प्रशासन को इस अभियान को अत्यंत जरूरी मानते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई पात्र व्यक्ति छूटे नहीं और अपात्र नाम हटाए जाएं। सरकार ने सत्यापन प्रक्रिया के लिए प्रखंड कार्यालयों और क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समन्वय में बीएलओ का व्यापक रूप से इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाभार्थियों के सत्यापन, रिकॉर्ड में सुधार और डेटाबेस के युक्तिकरण के लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल भी विकसित किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि इस प्रक्रिया की निगरानी उच्चतम स्तर पर की जा रही है। समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला-वार प्रगति रिपोर्ट हर शाम मुख्य सचिव को सौंपी जा रही है। आदेश में कहा गया है कि सत्यापन और डेटाबेस शुद्धिकरण का कार्य 25 मई तक पूरा करना होगा।

## बंगाल सरकार ने सरकारी बसों में महिलाओं के लिए एक जून से मुफ्त यात्रा की अधिसूचना जारी की

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल सरकार ने एक जून से राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की अधिसूचना जारी की है। राज्य परिवहन विभाग द्वारा 21 मई को जारी अधिसूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार द्वारा संचालित कम और लंबी दूरी की बसों में महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा का लाभ मिलेगा। परिवहन विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि संबंधित बीडीओ या एसडीओ कार्यालयों के माध्यम से आवेदन करने पर सभी पात्र महिलाओं को क्यूआर कोड, फोटो और लाभार्थी विवरण वाला एक स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा।

इसमें कहा गया है कि राज्य की महिलाओं को आधार कार्ड, मतदाता फोटो पहचान पत्र, वीबी-जी राम जी रोजगार कार्ड, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू का पहचान पत्र, स्कूलों/कॉलेजों/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी पहचान पत्र जैसे सहायक दस्तावेजों के आधार पर स्मार्ट कार्ड जारी किए जाएंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि स्मार्ट कार्ड जारी होने तक, महिला यात्रियों को वैध फोटो पहचान दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर इस सुविधा का लाभ उठाने की अनुमति होगी।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या : ईएलईजी-ओटी-1336-2026-27, दिनांक: 20.05.2026, कार्य का विवरण:** सियालदह-बी.सी. राय इंस्टीट्यूशन में कैप्सूल लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 19,02,806/-, **बयाना राशि:** रु. 38,100/- **समापन अवधि:** 03 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 28.05.2026, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 11.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। SDAH-50/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**परीक्षार्थीगण ध्यान दें!!**

**हावड़ा मंडल की ट्रेनों के आवागमन में विशेष व्यवस्था**

**दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को** वेस्ट बंगाल जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (डब्ल्यूबीजेईई), 2026 के लिए परीक्षार्थियों / यात्रियों की संभावित भीड़ से निपटने के लिए, आमतौर पर रविवार को रद्द रहने वाली निम्नलिखित ईएमयू लोकल ट्रेनें चलाई जाएँगी तथा ये ट्रेनें अपने मार्ग के सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

**अप ईएमयू ट्रेनें:** (1) **36081** हावड़ा-मसाग्राम लोकल, (2) **37217** हावड़ा-बैंडेल लोकल, (3) **37041** हावड़ा-सेवड़ाफुली लोकल, (4) **37011** हावड़ा-श्रीरामपुर लोकल, (5) **37061** हावड़ा-सेवड़ाफुली लोकल और (6) **37511** बाली-बैंडेल लोकल।

**डाउन ईएमयू ट्रेनें:** (1) **36082** मसाग्राम-हावड़ा लोकल, (2) **37230** बैंडेल-हावड़ा लोकल, (3) **37042** सेवड़ाफुली-हावड़ा लोकल, (4) **37012** श्रीरामपुर-हावड़ा लोकल, (5) **37062** सेवड़ाफुली-हावड़ा लोकल और (6) **37512** बैंडेल-बाली लोकल।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हाई कोर्ट ने अदिति-देबराज को दी राहत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व तृणमूल विधायक अदिति मुंसी और उनके पति देबराज चक्रवर्ती को फिलहाल हाई कोर्ट से राहत मिली है। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश जय सेनगुप्ता ने मौखिक निर्देश देते हुए कहा कि 19 जून तक पूर्व तृणमूल विधायक अदिति मुंसी और उनके पति देबराज चक्रवर्ती को फिलहाल को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। उसी दिन मामले की अगली सुनवाई होगी। अदिति और देबराज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तथा माकपा नेता विकाशरंजन भट्टाचार्य ने अदालत में पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त एडवोकेट जनरल राजदीप मजूमदार ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्ति रिश्तेदारों और अन्य लोगों के नाम हस्तांतरित की गई, ताकि चुनावी हलफनामे में वास्तविक संपत्ति कम दिखाई जा सके। राज्य ने अदालत में दावा किया कि यह दंपती कथित वसूली, सिंडिकेट संचालन और जमीन कब्जाने के जरिए भारी संपत्ति का मालिक बना। साथ ही, यह भी आरोप लगाया गया कि चुनाव से पहले कई बैंक खातों से धनराशि निकाल ली गई। हालांकि, बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि किसी संपत्ति को दूसरे के नाम हस्तांतरित करना अपने आप में अपराध नहीं है। यदि आय से अधिक संपत्ति का मामला है तो उसकी जांच आयकर विभाग कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी हलफनामे में कथित त्रुटि चुनावी उल्लंघन हो सकती है, लेकिन उसे सीधे आपराधिक मामला नहीं माना जा सकता।

## फिर गिरफ्तार हुआ तृणमूल का पार्षद, इस बार सुजीत बोस के करीबी पार्थ बर्मा पर पुलिस की कार्रवाई

**कोलकाता :** राज्य में राजनीतिक बदलाव के बाद तृणमूल कांग्रेस नेताओं और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में अब पूर्व मंत्री सुजीत बोस के करीबी माने जाने वाले तृणमूल कांग्रेस के एक और पार्षद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लेकटाउन थाने की पुलिस ने दक्षिण दमदम नगरपालिका के 35 नंबर वार्ड के पार्षद पार्थ बर्मा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पार्थ बर्मा के खिलाफ वर्ष 2021 में एक होम्योपैथिक दवा दुकान में तोड़फोड़ करने और इलाके के हॉकर्स से अवैध वसूली करने के आरोप दर्ज थे। इन्हीं दो मामलों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया।

TRINAMOOL

जानकारी के मुताबिक, 2021 में इलाके की एक होम्योपैथिक दुकान में कथित रूप से तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इस मामले में दुकान मालिक पी.सी. प्रसाद ने पार्थ बर्मा के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि उस समय पार्थ बर्मा प्रभावशाली राजनीतिक नेता होने के कारण मामला दबा दिया गया था और पुलिस स्तर पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।

इसके अलावा हाल ही में इलाके के फुटपाथ दुकानदारों और हॉकर्स से जबरन पैसे वसूलने के आरोप में भी पार्थ बर्मा का नाम सामने आया था। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद पुराने मामलों की दोबारा समीक्षा की जा रही है और इसी प्रक्रिया के तहत पुलिस ने पार्थ बर्मा को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी पार्षद से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। वहीं राजनीतिक हलकों में इस गिरफ्तारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विपक्षी दल इसे कानून व्यवस्था की सामान्य कार्रवाई बता रहे हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस के भीतर इस घटनाक्रम को लेकर असहजता बढ़ने की बात कही जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-आईपीआईएस-एनएसएफ-एसएफयू-26-27, दिनांक:** 21.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-आईपीआईएस-एनएसएफ-एसएफयू-26-27** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** शेड्यूल-ए: हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंडों में नसीबपुर, सिंगुर, नालिकुल, हरिपाल (4 स्टेशनों) पर आईपीआईएस सिस्टम का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,42,63,176.44, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 8,85,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 21.05.2026 को 16.41 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 01.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-92/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**खड़गपुर मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन और एमपीएस के अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: केजीपी/एमपीएस एंड डब्ल्यूवीएम/2026 दिनांक: 21.05.2026**
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नानुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए खड़गपुर (3 अदद), बालेश्वर (2 अदद), सांतरागाछी (1 अदद), मिदनापुर (1 अदद), घाटशिला (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (1 अदद) और हिजली (1 अदद) स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना, रखरखाव और परिचालन के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। **कैटलॉग सं.: केजीपी-डब्ल्यूवीएम-26-02, नीलामी की तिथि:** 03.06.2026, **नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः 11.00 और 13.10 बजे ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए सांतरागाछी (4 अदद), पाँशकुड़ा (1 अदद), बालेश्वर (1 अदद), बालीचक (1 अदद), मेचेदा (1 अदद), खड़गपुर (2 अदद), शालीमार (7 अदद), बेलदा (1 अदद), रूपसा (1 अदद), बस्ता (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (5 अदद), काँथि (2 अदद), दीघा (2 अदद), सोरो (1 अदद), चाकुलिया (1 अदद), मार्कोणा (1 अदद) और दांतन (1 अदद) रेलवे स्टेशनों पर एमपीएस यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। **कैटलॉग सं.: केजीपी-एमपीएस-26-02, नीलामी की तिथि:** 03.06.2026, **नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः 11.00 और 16.50 बजे, जो **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट में सूचित किए गए हैं। एजेंसी/कैटरिंग ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-215) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
*मुस्कान के साथ सेवा*

## एसआईआर : न्यायाधिकरणों ने अब तक 6,581 अपीलों का किया निपटारा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर से जुड़े अपीलीय न्यायाधिकरणों ने अब तक केवल 6,581 मामलों का निपटारा किया है, जो मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के दौरान न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों के खिलाफ दायर लगभग 25 लाख अपीलों का करीब 0.26 प्रतिशत है। आधिकारिक आंकड़ों में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। भारतीय निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 19 में से 12 न्यायाधिकरणों द्वारा 14 मई तक निपटाए गए मामलों में 4,043 अपीलें स्वीकार की गईं, यानी निपटाए गए करीब 61.5 प्रतिशत मामलों में नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किए गए। वहीं, 1,267 अपीलें खारिज कर दी गईं। निपटाए गए मामलों में से शेष 1,200 से अधिक मामलों की स्थिति का विवरण आंकड़ों में तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका। कोलकाता उत्तर और कोलकाता दक्षिण में कुल 1,777 मामलों का निपटारा हुआ जो अब तक निपटाए गए कुल मामलों का लगभग 27 प्रतिशत है। इन दोनों जिलों में 51,000 से अधिक अपीलें अब भी लंबित हैं। मुर्शिदाबाद और मालदह, जहां एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में अपीलें और नाम हटाए जाने के मामले दर्ज किए गए थे, वहां मामलों के निपटान की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। मुर्शिदाबाद में दायर 6.29 लाख से अधिक अपीलों में से केवल 112 का निपटारा हुआ, जबकि मालदह में 5.26 लाख से ज्यादा अपीलों के मुकाबले 185 का निपटारा किया गया। अधिकारियों के अनुसार, सुनवाई ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की गई, हालांकि व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने वालों की संख्या सीमित रही। उन्होंने बताया कि निपटाए गए मामलों की संख्या बढ़कर करीब 10,000 तक पहुंच गई है, हालांकि अद्यतन आधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं किए गए हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अपीलीय प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप जारी है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि पात्र मतदाताओं को अपना पक्ष रखने का अवसर मिले।

## पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच राज्य के अस्पतालों में सलाइन की कमी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अस्पतालों में सलाइन, कई आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सामग्री की कमी की चेतावनी देते हुए एक परिपत्र जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परिपत्र में कहा गया है कि संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर निर्भर कई दवाओं, चिकित्सा सामग्री और पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति बाधित हुई है। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कई दवाओं और वस्तुओं की कमी की सूचना मिली है। अस्पतालों और जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे इन वस्तुओं को गैर-सूचीबद्ध श्रेणी के तहत प्राप्त करें। परिपत्र के



अनुसार, पैरासिटामोल, पैंटोप्रैज़ोल, मेटफॉर्मिन, टेल्मिसार्टन आदि दवाइयां, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस), और सिरिंज की आपूर्ति प्रभावित हुई है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पतालों को ऐसी वस्तुओं की खरीद गैर-सूचीबद्ध श्रेणी के तहत करने के निर्देश दिए गए हैं, यानी ये सामान अब सामान्य सरकारी आपूर्ति सूची के जरिए उपलब्ध नहीं हो सकते।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआईबी-बीजेडएल-बीपीएई-26-27, दिनांक:** 21.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआईबी-बीजेडएल-बीपीएई-26-27** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंडों में बेलानगर, बेगमपुर, बारुईपाड़ा, चंदनपुर, मसाग्राम (5 स्टेशनों) पर आईपीआईएस सिस्टम का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 6,36,93,250.85, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 12,73,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 21.05.2026 को 16.42 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 01.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-93/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत विकासात्मक कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत बोलपुर शांतिनिकेतन स्टेशन सीमा में 12 मीटर फूट ओवर ब्रिज गर्डरों की स्थापना के लिए खाना-रामपुरहाट अनुभाग में अप एवं डाउन लाइनों पर **दिनांक 31.05.2026 (रविवार)** एवं **07.06.2026 (रविवार)** को **04 घंटे 30 मिनट (03.00 बजे से 07.30 बजे तक) ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

●**दिनांक 31.05.2026 एवं 07.06.2026 को ट्रेनों का निरस्तीकरण: रामपुरहाट से** - **63582** रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू। **बर्द्धमान से** - **63063** बर्द्धमान-साहिबगंज एमईएमयू एवं **63581** बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू। **साहिबगंज से** - **63064** साहिबगंज-बर्द्धमान एमईएमयू।

●**ट्रेनों का पुनर्निर्धारण: (1) 12378** न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.05.2026 एवं 06.06.2026) 180 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् न्यू अलीपुरद्वार से 17.40 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **20.40 बजे** रवाना होगी। **(2) 13150** अलीपुरद्वार जंक्शन-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.05.2026 एवं 06.06.2026) 180 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् अलीपुरद्वार जंक्शन से 15.40 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **18.40 बजे** रवाना होगी। **(3) 53048** रामपुरहाट-हावड़ा विश्वभारती फॉस्ट पैसेंजर (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 31.05.2026 एवं 07.06.2026) 90 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् रामपुरहाट से 05.10 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **06.40 बजे** रवाना होगी।

●**ट्रेनों का नियंत्रण: 03466** दीघा-मालदा टाउन स्पेशल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 30.05.2026 एवं 06.06.2026) मार्ग में 120 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

● **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन: 13153** सियालदह-मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस तथा **13072** जमालपुर-हावड़ा एक्सप्रेस।

● **ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन: 22301** हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस तथा **12378** न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेनें/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

## सोना पप्पू केस में ईडी का बड़ा एक्शन, कोलकाता-मुर्शिदाबाद में 9 ठिकानों पर की छापेमारी

❑ **पूर्व डीसी शांतनु सिन्हा विश्वास के पैतृक घर पर भी छापा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता पुलिस के पूर्व अधिकारी शांतनु सिन्हा विश्वास और कथित अपराधी बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को राज्य में कई परिसरों पर नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोलकाता के कस्बा, चक्रबेरिया और रॉयड स्ट्रीट इलाकों के साथ-साथ मुर्शिदाबाद के कांदी में विश्वास के पैतृक आवास सहित कुल नौ परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। जिन परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है उनमें मोहम्मद अली उर्फ मैक्स राजू,




विश्वास के रिश्तेदार सौरभ अधिकारी और उसके एक 'करीबी सहयोगी' रुहिल अमीन अली (जो कोलकाता पुलिस में उप निरीक्षक हैं) के परिसर भी शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सोना पप्पू और विश्वास से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर नए सिरे से छापेमारी शुरू की गई। उन्होंने कहा कि अवैध भूमि सौदों और वित्तीय लेन-देन में कथित रूप से सहायता करने वाले व्यक्तियों से जुड़े कई परिसरों की तलाशी ली जा रही है। दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और वित्तीय अभिलेखों की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कोलकाता के चक्रबेरिया इलाके में ईडी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के आवास की तलाशी ली। माना जाता है कि व्यवसायी पोद्दार के करीबी हैं। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी जबरन भूमि अधिग्रहण और अवैध वित्तीय लेनदेन में उनकी कथित भूमिका की जांच कर रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ईडी की एक टीम ने रॉयड स्ट्रीट इलाके के एक होटल के प्रबंधक से पूछताछ के बाद उसकी तलाशी ली। होटल के मालिक को भी जांच अधिकारियों के सामने पेश होने को कहा गया है। ईडी के अधिकारियों ने कस्बा में कोलकाता पुलिस के एसआई रुहिल अमीन अली के आवास पर छापा मारा जो एक पुलिस कल्याण समिति के पूर्व पदाधिकारी हैं। ईडी अधिकारी ने बताया कि अली कथित तौर पर विश्वास की पत्नी से जुड़े व्यावसायिक उद्यमों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि जांच अधिकारी इस बात की पड़ताल कर रहे हैं कि क्या कथित भूमि संबंधी अनियमितताओं में पुलिस अधिकारी की कोई भूमिका थी। मुर्शिदाबाद जिले के कांदी नगरपालिका के वार्ड आठ में स्थित विश्वास के पैतृक घर पर छापेमारी जारी थी। बताया जाता है कि इस घर में उनकी बहन गौरी सिन्हा विश्वास रहती हैं, जो नगरपालिका की उपाध्यक्ष भी हैं।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# विधानसभा में सियासी घमासान, नेता प्रतिपक्ष को दफ्तर नहीं मिलने पर तृणमूल विधायकों ने दिया धरना

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विधानसभा में विपक्ष के नेता को सदन में कोई कक्ष आवंटित नहीं किया गया है जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज पर सवाल खड़े होते हैं। इस मुद्दे पर विधानसभा में गतिरोध की स्थिति देखी गई और तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष के लिए प्रस्तावित कक्ष के सामने धरना दिया। प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस द्वारा नेता प्रतिपक्ष चुने गए पार्टी विधायक शोभनदेब चट्टोपाध्याय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी, पूर्व मंत्री पुलक रॉय और अरूप रॉय समेत



कई अन्य विधायक शामिल हुए। पार्टी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है और लोकतांत्रिक नियमों तथा संस्थागत परंपराओं को तोड़ रही है। पार्टी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र को कायम रखने के लिए है, फिर भी विपक्ष के नेता को अब भी कक्ष आवंटित होने का इंतजार है। हमारे विधायकों ने आज विधानसभा परिसर में धरना दिया, लोकतांत्रिक नियमों और संस्थागत प्रक्रियाओं को लेकर गंभीर चिंता प्रकट की। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए जाने के बाद भी एलओपी के लिए विशेष कमरा अभी तक आवंटित नहीं किया गया है। पार्टी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। इसके बावजूद, आज तक विपक्ष के नेता को कमरा आवंटित नहीं किया गया है। तृणमूल कांग्रेस के विधायक विधानसभा की लॉबी में बैठने को मजबूर हैं, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तृणमूल ने आरोप लगाया कि उसने विधानसभा सचिवालय और विधानसभा अध्यक्ष को एक औपचारिक पत्र के माध्यम से चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने के अपने विधायक दल के फैसले से अवगत कराया है। हालांकि, विधानसभा सचिवालय के सूत्रों ने संकेत दिया कि प्रारंभिक पत्र या प्रस्ताव में स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि तृणमूल के कितने विधायकों ने उस पर हस्ताक्षर किए हैं या उसका समर्थन किया है जिससे इसकी प्रशासनिक वैधता पर सवाल खड़े होते हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने सचिवालय के रुख की आलोचना की और आरोप लगाया कि जब भाजपा विपक्ष में थी तो पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार ने इस तरह की मांग नहीं की थी। बनर्जी ने यह दावा भी किया कि चट्टोपाध्याय को विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया था जो उनके पद को मान्यता देने के समान है।

## पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को मिली जान से मारने की धमकी

❑ पुलिस सुरक्षा भी कराई गई मुहैया

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है। दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। साहू ने कहा कि मुझे पाकिस्तान से वीडियो और फोन के जरिए बार-बार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वे मुझे बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। वह और उनका परिवार अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आ रही इन धमकियों से खौफ में हैं। साहू ने कहा कि वह



अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित है क्योंकि उन्हें डर है कि फोन करने वाले उसके साथ कोई साजिश रच सकते हैं। वहीं, पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। साहू को पुलिस सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है। पुलिस कर्मी को उनकी सुरक्षा में तैनात किया गया है।

## हावड़ा स्टेशन पर हॉकरों को हटाने के विरोध में तृणमूल की सभा रोकी गई

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा स्टेशन के बाहर हॉकरों को हटाने की कार्रवाई के विरोध में आयोजित तृणमूल कांग्रेस की सभा को गुरुवार को पुलिस ने अनुमति नहीं दी। विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया मंच भी पुलिस द्वारा हटवा दिया गया, जिसके बाद विधायक और पार्टी कार्यकर्ताओं को बिना सभा किए लौटना पड़ा। दरअसल, गत शनिवार रात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हावड़ा स्टेशन के बाहर अवैध कब्जा हटाने के लिए अभियान चलाया था। इस दौरान 150 से अधिक दुकानों, ट्रॉलियों और डालों को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। तृणमूल कांग्रेस ने इस कार्रवाई को भाजपा सरकार की बुलडोजर नीति करार देते हुए इसके खिलाफ हावड़ा और सियालदह स्टेशन पर विरोध सभा का आह्वान किया था। बुधवार को सियालदह स्टेशन पर कुणाल घोष के नेतृत्व में विरोध सभा आयोजित हुई थी। वहीं, हावड़ा में मुख्यमंत्री की प्रशासनिक बैठक के कारण पुलिस ने सभा की अनुमति नहीं दी। गुरुवार शाम तृणमूल कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता हावड़ा स्टेशन के बाहर बस स्टैंड के पास एकत्र हुए। मध्य हावड़ा के विधायक अरूप राय ने आरोप लगाया कि अनुमति मांगे जाने के बावजूद पुलिस ने सभा की इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि पुनर्वास के बिना हॉकरों को हटाना अमानवीय है और इस मुद्दे पर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री शुभेंदु से मिले तृणमूल विधायक ऋतब्रत बनर्जी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** दिल्ली के पुराना बंग भवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और तृणमूल कांग्रेस विधायक ऋतब्रत बंद्योपाध्याय की अचानक हुई मुलाकात ने राज्य की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे शुभेंदु ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई शीर्ष भाजपा नेताओं से मुलाकात की। इसी दौरान बंग भवन में उनकी मुलाकात ऋतब्रत से हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुभेंदु ने ऋतब्रत को 'एमएलए साहब' कहकर संबोधित किया, हालचाल पूछा और उनके कंधे पर हाथ रखकर बातचीत की। ऋतब्रत ने इस मुलाकात को पूरी तरह संयोग बताया। उन्होंने कहा कि वह



राज्यसभा सदस्य के रूप में आवंटित सरकारी बंगले का बकाया किराया चुकाने और कूटनीतिक पासपोर्ट जमा करने दिल्ली गए थे। दोपहर के भोजन के लिए बंग भवन पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री से मुलाकात हो गई। सूत्रों के अनुसार, शुभेंदु ने ऋतब्रत से कहा कि राज्य सरकार अब स्थानीय विधायकों को सरकारी कार्यक्रमों में आमंत्रित कर रही है और उनके शामिल होने से सकारात्मक संदेश जाएगा। इस पर, ऋतब्रत ने कहा कि वह पार्टी के प्रति पूरी तरह निष्ठावान हैं और पार्टी जो निर्देश देगी, वही करेंगे। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री के इस रुख को 'सकारात्मक' भी बताया।

## गोपालपुर के स्टील कारखाने में विस्फोट, चार श्रमिक झुलसे

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के दुर्गापुर के गोपालपुर स्थित एक निजी इस्पात कारखाने में शुक्रवार की सुबह भट्टी में अचानक हुए जोरदार विस्फोट में चार श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में परिमल विश्वास और निरंजन बागदी की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को राजबांध के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दिन, सुबह में कारखाने में रोज की तरह काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक भट्टी से तेज धमाके के साथ विस्फोट हुआ। धमाके के साथ आग की लपटें और पिघला हुआ पदार्थ चारों ओर फैल गया, जिसकी चपेट में आने से चार श्रमिक बुरी तरह झुलस गए। सहकर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, परिमल विश्वास और निरंजन बागदी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनके शरीर का बड़ा हिस्सा झुलस गया है। अन्य दो श्रमिकों का भी इलाज जारी है। हादसे के बाद श्रमिकों में आक्रोश फैल गया। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें जरूरी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, ग्लव्स और फायर सूट तक उपलब्ध नहीं कराए जाते। साथ ही, कई श्रमिकों को ईएसआई और पीएफ जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही गई है, वहीं श्रमिक संगठनों का कहना है कि केवल जांच नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

## न्यायालय आईपैक पर ईडी की छापेमारी बाधित करने के मामले की 18 अगस्त को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर 18 अगस्त को सुनवाई करेगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रदेश के अन्य अधिकारियों ने आठ जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श कंपनी आईपैक के कार्यालय पर छापेमारी की कार्रवाई के दौरान बाधा उत्पन्न की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद इस मामले की सुनवाई करेंगे। पीठ ने कहा कि हम आंशिक कार्य दिवसों के बाद इस पर सुनवाई करेंगे।

## मल्लारपुर में 31 ताजा बम बरामद होने से इलाके में दहशत

**बीरभूम :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बावजूद जिले में बम बरामद होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार की सुबह मल्लारपुर थाना क्षेत्र के कोट गांव में भारी मात्रा में ताजा बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने गांव के चांदेर मैदान स्थित तालाब किनारे बांस झाड़ियों के पास कतारबद्ध तरीके से रखे कई ताजा बम देखे। इसके बाद, मल्लारपुर थाने को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 31 ताजा बम बरामद किए। बाद में, बम निरोधक दस्ते की मदद से सभी बमों को निष्क्रिय कर दिया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की रात मल्लारपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव के कई घरों में तलाशी अभियान चलाया था।



बताया जा रहा है कि अब्दुल शेख, बारिक शेख, नासिर खान, फईजुल शेख और खोकन शेख समेत कई लोगों के घरों में पुलिस ने छापेमारी की थी।

ग्रामीणों का अनुमान है कि पुलिस कार्रवाई के बाद गिरफ्तारी के डर से किसी ने बमों को बांस झाड़ियों में फेंक दिया होगा। हालांकि, पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके को घेरकर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## सेनेस ने 'ड्यूड्रॉप्स' कलेक्शन के साथ कान्स का ग्लैमर भारत तक पहुंचाया

**कोलकाता :** सेन्को हाउस के लैब-ग्रोउन डायमंड ब्रांड सेनेस ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपने विशेष ज्वेलरी कलेक्शन 'ड्यूड्रॉप्स' से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरीं। अब कंपनी 'सीन एट कान्स' प्रदर्शनी के माध्यम से इस चर्चित कलेक्शन को भारत में पेश करने जा रही है। कान्स के रेड कार्पेट पर निर्माता और स्टाइल आइकन रिदा थराना ने इस कलेक्शन को प्रस्तुत किया। सुबह की ओस की बूंदों से प्रेरित इस नेकलेस को बेहद नाज़ुक कारीगरी और आधुनिक शैली के साथ तैयार किया गया है।

इसमें 14 कैरेट गोल्ड के साथ 105.5 कैरेट के एफजी-वीवीएस गुणवत्ता वाले नाशपाती आकार के लैब-ग्रोउन हीरे जड़े गए हैं, जिन्होंने अपनी चमक और आकर्षक डिजाइन से सभी का ध्यान खींचा। सेनेस की जोइता सेन ने कहा कि इस ज्वेलरी के जरिए प्राकृतिक, सादगीपूर्ण और भावनात्मक सुंदरता को आधुनिक अंदाज़ में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

कान्स 2026 में इस कलेक्शन को एले, पिंकविला और हार्पर्स बाज़ार जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सराहना मिली। कंपनी के अनुसार यह भारतीय डिजाइन, उत्कृष्ट कारीगरी और आधुनिक लग्ज़री को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 24 मई को ब्लू और ग्रीन लाइन पर चलेंगी अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे कोलकाता, ने यूपीएससी सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 24 मई 2026 (रविवार) को ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं चलाने की घोषणा की है। परीक्षा के मद्देनजर दोनों कॉरिडोर पर मेट्रो सेवाएं सुबह 7 बजे से शुरू होंगी। हालांकि, दोनों कॉरिडोर पर अंतिम मेट्रो सेवाओं के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

ब्लू लाइन पर रविवार को सामान्य रूप से चलने वाली 152 सेवाओं की जगह 24 मई को कुल 160 सेवाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें 80 अप और 80 डाउन सेवाएं



शामिल हैं। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दोनों दिशाओं में हर 30 मिनट के अंतराल पर मेट्रो चलेगी। इसके बाद सामान्य रविवार समय-सारिणी लागू होगी। ब्लू लाइन पर पहली सेवाएं सुबह 7 बजे दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम, नोआपाड़ा से शहीद खुदीराम, महानायक उत्तम कुमार स्टेशन से दक्षिणेश्वर तथा शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर के लिए रवाना होंगी। सामान्य रविवार को ये सेवाएं सुबह 9 बजे शुरू होती हैं। ग्रीन लाइन पर भी अतिरिक्त सेवाएं चलाई जाएंगी। यहां सामान्य 108 सेवाओं की जगह कुल 116 सेवाएं संचालित होंगी, जिनमें 58 अप और 58 डाउन सेवाएं शामिल हैं। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दोनों दिशाओं में हर 30 मिनट पर मेट्रो उपलब्ध रहेगी।

ग्रीन लाइन पर पहली सेवा सुबह 7 बजे हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर-5 के लिए चलेगी, जबकि साल्ट लेक सेक्टर-5 से हावड़ा मैदान के लिए पहली सेवा सुबह 7:02 बजे रवाना होगी। सामान्य रविवार को ये सेवाएं सुबह 9 बजे के बाद शुरू होती हैं।

## क्लासिक लेजेंड्स ने जावा, येज्दी और बीएसए डीलरशिप नेटवर्क पर 9 दिवसीय लेजेंड्स केयर कैंप की शुरुआत की

**मुंबई/कोलकाता :** क्लासिक लेजेंड्स ने देशव्यापी सर्विस पहल लेजेंड्स केयर कैंप शुरू करने की घोषणा की है। यह 9 दिवसीय सर्विस कैंप 23 मई से 31 मई 2026 तक कंपनी के सभी आधिकारिक जावा, येज्दी और बीएसए डीलरशिप नेटवर्क पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल के बारे में बात करते हुए क्लासिक लेजेंड्स के नेशनल बिजनेस ऑपरेशंस हेड, जयप्रदीप वासुदेवन ने कहा, क्लासिक लेजेंड्स में ग्राहकों का अनुभव और राइडर्स की संतुष्टि ही हमारे कामकाज का मुख्य आधार है। 'लेजेंड्स केयर कैंप' के जरिए हमारा मकसद राइडर्स को एक्सपर्ट सर्विस सपोर्ट और गाड़ियों की बेहतर देखभाल देना है। इससे हम यह सुनिश्चित कर पाएंगे कि उनकी मोटरसाइकिलें लगातार वैसा ही शानदार परफॉर्मेंस, भरोसा और राइडिंग का अनुभव देती रहें, जिसके लिए हमारे ब्रांड जाने जाते हैं।

## बिल्वदल भट्टाचार्य बने राज्य के नये अतिरिक्त महाधिवक्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता की कमान बदलते ही प्रशासनिक और कानूनी गलियारों में नियुक्तियों का दौर तेज हो गया है। राज्य सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बिल्वदल भट्टाचार्य को राज्य का नया अतिरिक्त महाधिवक्ता (एडिशनल एडवोकेट जनरल) नियुक्त किया है। गौर करने वाली बात यह है कि दो दिन पहले ही एक अन्य वरिष्ठ वकील राजदीप मजूमदार को भी इसी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वह पूर्व में केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल के रूप में सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का पक्ष अदालतों में मजबूती से रख चुके हैं। इसके बाद, उन्होंने तत्कालीन विपक्ष के नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कई बेहद महत्वपूर्ण और व्यक्तिगत मामलों में पैरवी की थी। हालांकि, दो अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति के बाद भी सरकार ने मुख्य महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) के नाम का एलान अभी नहीं किया है।

## बांग्ला पोक्खो के नेता गर्ग चटर्जी को मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक अदालत ने शुक्रवार को 'बांग्ला पोक्खो' संगठन के संस्थापक गर्ग चटर्जी को जमानत दे दी। बता दें कि उन्हें सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में कोलकाता पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था। बैंकशाल अदालत के मजिस्ट्रेट ने चटर्जी को 2,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दी और निर्देश दिया कि वह मामले के जांच अधिकारी के सामने सप्ताह में एक बार पेश होंगे। बांग्ला पोक्खो के सदस्य कौशिक मैती ने बताया कि चटर्जी के खिलाफ तीन आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें एक मामला भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दर्ज कराया गया, जबकि दूसरा कोलकाता पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए दर्ज किया था। उन्होंने कहा कि चटर्जी को दो अन्य मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी है और बैंकशाल अदालत द्वारा तीसरे मामले में में जमानत दिए जाने के बाद वह जल्द ही न्यायिक हिरासत से बाहर आ जाएंगे।

## पूर्व रेलवे की 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना से बंगाल के कारीगरों को मिला नया बाजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' (ओएस-ओपी) योजना बंगाल के पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। इस पहल के जरिए वर्षों से पहचान और बाजार के संकट से जूझ रहे हस्तशिल्प कलाकारों को रेलवे स्टेशनों पर अपने उत्पाद बेचने और देशभर के ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिल रहा है। ग्रामीण बंगाल में पीढ़ियों से मिट्टी के खिलौने और तांत साड़ियां बनाने वाले कई परिवार आधुनिक दौर में अपनी कला को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। बाजार में मांग कम होने और पारंपरिक उत्पादों के प्रति लोगों की घटती रुचि के कारण इन कारीगरों की आजीविका प्रभावित हो रही थी। ऐसे समय में रेलवे स्टेशनों पर शुरू किए गए ओएसओपी स्टॉल उनके लिए नई पहचान और आय का माध्यम बनकर सामने आए हैं।




भारत सरकार द्वारा रेल मंत्रालय के तहत शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना है। योजना के तहत रेलवे स्टेशनों को स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन हजारों यात्री इन उत्पादों को देख और खरीद सकते हैं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में प्रमुख और उपनगरीय स्टेशनों पर विशेष स्टॉल स्थापित किए गए हैं। यहां टेराकोटा कला, मिट्टी के खिलौने, तांत साड़ियां, शांतिनिकेतन के चमड़े के उत्पाद, कांथा स्टिच कला तथा बर्धमान का प्रसिद्ध सीताभोग और मिहिदाना जैसे स्थानीय उत्पाद उपलब्ध हैं। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह पहल न केवल स्थानीय कला और संस्कृति को संरक्षित कर रही है, बल्कि कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## अमेजन इंडिया 2026 में जोड़ेगा 100 से अधिक प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ब्यूटी स्टोर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2026 में प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक नए प्रीमियम ब्यूटी और फ्रेगरेंस ब्रांड्स लॉन्च किए जाएंगे। इनमें डॉल्से एंड गब्बाना, लॉरा मर्सिए, अर्बन डिके, अवेद और ला रोश-पोसे जैसे वैश्विक ब्रांड्स शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि प्रीमियम ब्यूटी सेगमेंट में सालाना 1.5 गुना वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि के-ब्यूटी और फ्रेंच फार्मेसी ब्रांड्स की मांग लगभग दोगुनी हो चुकी है। अमेजन इंडिया के ब्यूटी निदेशक सिद्धार्थ भगत ने कहा कि भारतीय ग्राहक तेजी से वैश्विक ब्यूटी ट्रेंड्स अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी का फोकस भरोसेमंद ब्रांड्स, तेज डिलीवरी और एआई-संचालित शॉपिंग अनुभव के जरिए प्रीमियम ब्यूटी को देशभर के ग्राहकों तक पहुंचाना है।

## कोक स्टुडियो भारत का नया गीत 'कचौड़ी गली' रिलीज, भूले-बिसरे युद्ध की पीड़ा को दी आवाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोक स्टूडियो भारत ने अपने सीजन 4 का तीसरा गीत 'कचौड़ी गली' जारी किया है। यह लोकगीत प्रथम एंग्लो-बर्मा युद्ध के दौरान आम परिवारों पर पड़े दर्द और बिछड़न की कहानी को सामने लाता है। गीत बनारस की प्रसिद्ध कचौड़ी गली की पृष्ठभूमि में रचा गया है, जहां एक महिला अपने पति को ब्रिटिश सेना द्वारा जबरन युद्ध के लिए ले जाते देखती है। गीत में पत्नी की भावनाओं, खाली हो चुके घर और लोक स्मृतियों में जीवित दर्द को भोजपुरी लोक संगीत के जरिए प्रस्तुत किया गया है। इस गीत को रेखा भारद्वाज, उत्पल उदित और ख्वाब ने अपनी आवाज और संगीत से जीवंत बनाया है। कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया के अधिकारियों ने कहा कि 'कचौड़ी गली' जैसी प्रस्तुतियां लोक परंपराओं और भूली हुई कहानियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास हैं। 'ए अजनबी' और 'बुलेया वे' के बाद यह गीत सीज़न 4 की लोककथाओं पर आधारित श्रृंखला को आगे बढ़ाता है।

## गिरफ्तारी से संरक्षण की मांग पर हाई कोर्ट पहुंचे तृणमूल विधायक दिलीप मंडल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के विष्णुपुर से तृणमूल कांग्रेस विधायक दिलीप मंडल ने गिरफ्तारी की आशंका के बीच कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विधायक ने अपने खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी मामलों का हवाला देते हुए अदालत से गिरफ्तारी से संरक्षण देने की मांग की है। दिलीप मंडल की ओर से उनके वकील ने गुरुवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। अदालत ने याचिका दायर करने की अनुमति देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 26 मई को तय की है।

## आईआरसीटीसी ने 2026-27 सीजन के लिए नए अंदाज में पेश की 'गोल्डन चैरियट' लक्जरी ट्रेन

❑ **यात्रियों को मिलेगा विशेष डिस्काउंट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईआरसीटीसी ने 2026-27 पर्यटन सीजन के लिए अपनी प्रतिष्ठित लक्जरी ट्रेन 'गोल्डन चैरियट' के नए और आधुनिक स्वरूप का अनावरण किया है। भारतीय रेलवे के पर्यटन विभाग और रेल मंत्रालय के अधीन नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम आईआरसीटीसी ने इस बार ट्रेन को आधुनिक सुविधाओं और पारंपरिक शाही अनुभव के अनूठे मिश्रण के साथ पेश किया है। दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य की यात्रा कराने वाली गोल्डन चैरियट अब पहले से अधिक आरामदायक और प्रीमियम अनुभव देने के लिए तैयार की गई है। ट्रेन के इंटीरियर को नए सिरे से डिजाइन किया गया है, जिसमें आकर्षक अपहोल्स्ट्री, लकड़ी की साज-सज्जा, आलीशान लिनेन और प्रीमियम बाथ सुविधाएं शामिल हैं। प्रत्येक केबिन में स्मार्ट टीवी और वाई-फाई स्ट्रीमिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जबकि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और आधुनिक फायर-अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं।

ट्रेन में कुल 40 लग्जरी केबिन हैं, जिनमें 80 मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनमें 13 डबल-बेड केबिन, 26 ट्विन-बेड केबिन और दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक केबिन शामिल है। यात्रियों के लिए 'रुचि' और 'नलपाका' नामक दो फाइन-डाइनिंग रेस्तरां में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन परोसे जाएंगे। वहीं, 'मदिरा' लाउंज बार में चुनिंदा पेय पदार्थों का आनंद लिया जा सकेगा। इसके अलावा 'आरोग्य स्पा एंड फिटनेस सेंटर' में आयुर्वेदिक थेरेपी, स्पा और आधुनिक फिटनेस सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

सीजन 2026-27 के लिए ट्रेन के तीन प्रमुख यात्रा कार्यक्रम घोषित किए गए हैं। 'प्राइड ऑफ कर्नाटक' (5 रात/6 दिन) बेंगलुरु, बांदीपुर, मैसूर, हलेबीडु, चिकमगलुरु, हम्पी और गोवा की यात्रा कराएगा। 'ज्वेल्स ऑफ साउथ' (5 रात/6 दिन) में बेंगलुरु, मैसूर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम, तंजावुर, चेट्टीनाड, कोचीन और चेर्तला शामिल हैं। वहीं, 'ग्लिम्प्सेस ऑफ कर्नाटक' (3 रात/4 दिन) छोटा लेकिन खास अनुभव प्रदान करेगा। आईआरसीटीसी ने चुनिंदा यात्राओं पर विशेष प्रमोशनल ऑफर की भी घोषणा की है। यात्रियों को प्रकाशित किराए पर 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, 30 जून 2026 तक अग्रिम भुगतान करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त 5 प्रतिशत अर्ली-बर्ड डिस्काउंट भी दिया जाएगा। पैकेज में ट्रेन में सभी भोजन, चुनिंदा पेय पदार्थ, वातानुकूलित वाहनों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, स्मारकों के प्रवेश शुल्क और यात्रा कार्यक्रम के अनुसार बाहरी स्थानों पर भोजन शामिल रहेगा। प्रमोशनल ऑफर के तहत प्रमुख प्रस्थान तिथियों में 24 अक्टूबर 2026, 31 अक्टूबर 2026, 19 दिसंबर 2026, 26 दिसंबर 2026, 2 जनवरी 2027, 30 जनवरी 2027, 6 फरवरी 2027, 20 फरवरी 2027, 27 फरवरी 2027 और 13 मार्च 2027 शामिल हैं।

## भारत मंडपम में आयोजित 6वें इनोमेट्रो में कोलकाता मेट्रो ने दिखाई तकनीकी प्रगति

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मेट्रो रेलवे ने 21 और 22 मई 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 6वें 'इनोमेट्रो' प्रदर्शनी एवं सम्मेलन में भाग लिया। एशिया के प्रमुख मेट्रो और रेलवे आयोजनों में शामिल इस प्रदर्शनी में मेट्रो, रेलवे, आरआरटीएस, हाई स्पीड रेल और संबद्ध उद्योगों से जुड़े उत्पादों, सेवाओं और नई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस वर्ष प्रदर्शनी की थीम 'विकसित भारत के लिए एआई-सक्षम सतत शहरी गतिशीलता' रखी गई थी। प्रदर्शनी के दौरान कोलकाता मेट्रो ने शहरी परिवहन क्षेत्र में अपनी ऐतिहासिक यात्रा, तकनीकी प्रगति और भविष्य की योजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया। मेट्रो अधिकारियों और कर्मचारियों ने विशेष स्टॉल के माध्यम से कोलकाता मेट्रो की उपलब्धियों और आधुनिक तकनीकों को दर्शकों के सामने



प्रस्तुत किया। मेट्रो रेलवे के स्टॉल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस), लीनियर इंडक्शन मोटर तकनीक और स्वदेशी 'कवच' सुरक्षा प्रणाली जैसी आधुनिक पहलों और तकनीकों को प्रदर्शित किया गया। इन तकनीकों के जरिए मेट्रो रेलवे द्वारा सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने के प्रयासों को रेखांकित किया गया। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक शुभ्रांशु एस मिश्रा ने 21 मई 2026 को प्रदर्शनी में मेट्रो स्टॉल का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रदर्शनी में मेट्रो रेलवे की भागीदारी और तकनीकी प्रस्तुतियों की सराहना की।

# कोन्नगर अंडरपास में अवैध टोल केंद्र पर चली बुलडोजर, विधायक की मौजूदगी में कार्रवाई

**हुगली :** जिले के कोन्नगर में रेलवे स्टेशन के अंडरपास पर संचालित टोल वसूली केंद्र को मंगलवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। उत्तरपाड़ा से भाजपा विधायक दीपांजन चक्रवर्ती की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। बताया गया कि कोन्नगर स्टेशन अंडरपास में लंबे समय से टोल गेट लगाकर वाहनों से शुल्क वसूला जा रहा था। राज्य में अवैध टोल वसूली के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत इस केंद्र को हटाया गया। इससे पहले विधायक चुने जाने के बाद दीपांजन चक्रवर्ती ने कथित तौर पर टोल वसूली को कानूनी प्रक्रिया के जरिए बंद करवाया था।



विधायक दीपांजन चक्रवर्ती ने कोन्नगर नगरपालिका के चेयरमैन स्वपन कुमार दास से टोल वसूली की अनुमति से जुड़े दस्तावेज मांगे। विधायक का आरोप है कि नगरपालिका कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। उनके अनुसार, अंडरपास में टोल वसूली के लिए वर्ष 2008 में लीज दी गई थी, लेकिन बाद में उसका नवीनीकरण नहीं हुआ। इसके बावजूद लंबे समय तक टोल वसूली जारी रही।

राज्य सरकार द्वारा बिना अनुमति संचालित सभी टोल बंद करने के निर्देश के बाद विधायक ने पुलिस से कोन्नगर अंडरपास में टोल वसूली बंद कराने को कहा था। इसके बाद मंगलवार को उस कार्यालय को बुलडोजर से ढहा दिया गया, जहां से टोल वसूली का संचालन किया जाता था। बताया गया कि केवल आपातकालीन और सरकारी वाहनों को ही बिना टोल गुजरने की अनुमति थी। विधायक दीपांजन चक्रवर्ती ने कहा, उत्तरपाड़ा में यह सिर्फ शुरुआत है। किसी भी तरह का अवैध काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे अवैध पार्टी कार्यालय हो या अवैध निर्माण, सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। अब यहां सिर्फ कानून का राज चलेगा।

वहीं, चेयरमैन स्वपन कुमार दास ने बताया कि वर्ष 2000 में रेलवे और राज्य सरकार की संयुक्त पहल पर कोन्नगर स्टेशन अंडरपास का निर्माण किया गया था। यह जमीन जिला परिषद की थी और इसकी देखरेख की जिम्मेदारी कोन्नगर नगरपालिका को सौंपी गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अवैध टोल बंद करने के निर्देश मिलने के बाद नगरपालिका ने जिला परिषद से संबंधित लिखित आदेश मांगा था, लेकिन अब तक कोई दस्तावेज नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 से यहां टोल वसूली हो रही थी। वर्ष 2022 तक नगरपालिका को इससे प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये मिलते थे, जिसे पिछले तीन वर्षों में बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया। नगरपालिका के अनुसार, अंडरपास में अक्सर जलभराव और गंदगी की समस्या रहती है, जिसकी सफाई और रखरखाव के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था करनी पड़ती है।

## उत्तर दमदम नगरपालिका में अस्थायी कर्मचारियों ने जड़ा ताला

❑ **वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** वेतन नहीं मिलने और लंबे समय से वेतन वृद्धि नहीं होने के आरोप में उत्तर दमदम नगरपालिका के अस्थायी कर्मचारियों ने शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया, जिसके बाद स्थिति संभालने के लिए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले कई वर्षों से समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि कभी पूरा वेतन मिलता है, तो कभी आधा वेतन देकर ही काम चलाया जाता है। कर्मचारियों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में एक रुपये भी वेतन नहीं बढ़ाया गया। अस्थायी कर्मचारियों ने बताया कि वे पहले भी वेतन वृद्धि और नियमित भुगतान की मांग को लेकर नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। आरोप है कि कई बार दो महीने बाद केवल एक महीने का वेतन दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महीने के किसी भी दिन वेतन दिया जाता है और भुगतान की कोई निश्चित तारीख नहीं है, जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को आक्रोशित कर्मचारियों ने नगरपालिका के गेट पर ताला लगाकर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की। हालांकि, इस पूरे मामले में नगरपालिका चेयरमैन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## नवद्वीप में सोशल मीडिया पोस्ट विवाद को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला, पांच घायल

**कोलकाता, समाज्ञा**

नदिया जिले के नवद्वीप शहर के पीरतला इलाके में गुरुवार की देर रात सोशल मीडिया पर एक पुराने पोस्ट को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ असामाजिक तत्वों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। इस हमले में पांच भाजपा कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नवद्वीप स्टेट जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां दो कार्यकर्ताओं अक्षय विश्वास और गोपाल कर्मकार की हालत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए शक्तिनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी दो का इलाज जारी है, जबकि एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि घटना की शिकायत नवद्वीप थाने में दर्ज कर ली गई है और छह लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत मिली है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घायलों और भाजपा नेताओं का आरोप है कि विवाद की शुरुआत सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुई बहस से हुई, लेकिन बाद में इसे राजनीतिक रंजिश के तहत योजनाबद्ध हमला बनाया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में भाजपा समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और इलाके में तनाव को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की

## राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराकर खरीदारी न करने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा ईंधन आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की इन तेल विपणन कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि टर्मिनलों, डिपो, पेट्रोल पंपों और रसोई गैस वितरकों तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से कार्य कर रही है। राज्य के सभी स्थानों पर ईंधन भंडार की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकतानुसार नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कंपनियों ने कहा कि पूरे क्षेत्र में निर्बाध ईंधन उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी स्तरों पर करीबी नजर रखी जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे सामान्य तरीके से ही ईंधन खरीदें और किसी प्रकार की अफवाह या आशंका के कारण अतिरिक्त खरीदारी से बचें।

तेल विपणन कंपनियों ने लोगों से केवल आधिकारिक सूचनाओं और घोषणाओं पर भरोसा करने की भी अपील की है। कंपनियों का कहना है कि ईंधन की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। यह जानकारी पश्चिम बंगाल राज्य कार्यालय के राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) एवं पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक जितेंद्र कुमार की ओर से जारी बयान में दी गई। पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक (कॉरपोरेट संचार) देबब्रत बंद्योपाध्याय ने बताया कि राज्य में ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारु बनी हुई है।

## नगर निगम से पूछिए मेरी संपत्ति का कौन सा हिस्सा अवैध है : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने अभिषेक बनर्जी के दो पतों पर बिना इजाजत निर्माण के आरोपों के बाद दो नोटिस जारी किए हैं। इसको लेकर अब अभिषेक बनर्जी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम साफ-साफ बताएं कि उनके घर का कौन सा हिस्सा बिना इजाजत बनाया गया है। शुक्रवार को, जब पत्रकारों ने अभिषेक से अवैध निर्माण के बारे में सवाल पूछे, तो वह साफ तौर पर नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि जो लोग ये सवाल उठा रहे हैं, उन्हें पहले नगरपालिका से पूछना चाहिए, कौन सा हिस्सा अवैध है? जब वे इसका जवाब दे देंगे, तो मैं भी उनके सवालों का जवाब दूंगा। उन्हें अवैध हिस्से की पहचान करने दीजिए। उसके बाद मैं अपना जवाब दूंगा।

## ममता ने पार्टी पार्षदों के साथ की बैठक, कई पार्षद रहे अनुपस्थित

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के मद्देनजर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कालीघाट स्थित अपने आवास पर कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के पार्षदों के साथ एक बैठक की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी ने केएमसी में तृणमूल पार्षदों के बीच संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बैठक की, जहां 2026 के अंत तक चुनाव होने हैं। दूसरी तरफ, कई पार्षदों ने पार्टी सुप्रीमो द्वारा बुलाई गई टीएमसी पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग नहीं लिया। हालांकि, नाम न छापने की शर्त पर बैठक में शामिल हुए एक पार्षद के अनुसार, बैठक में केवल 100 पार्षद ही उपस्थित थे। अनुपस्थित पार्षदों में केएमसी के सदस्य महापौर-परिषद (एमएमआईसी) देबासिस कुमार भी शामिल थे। बैठक में एक पार्षद ने कहा कि हालांकि, मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित पार्षदों से कहा कि वे राज्य के बदलते राजनीतिक परिदृश्य में निर्वाचित पार्षदों, नगर अध्यक्षों, एमएमआईसी और यहां तक कि महापौर फिरहाद हकीम के आदेशों का पालन न करने के कारण केएमसी में नौकरशाही व्यवस्था के असहयोग से निराश न हों। उन्होंने मौजूदा पार्टी पार्षदों से कहा कि वे डरें नहीं, बल्कि विरोध करें और अपनी पूरी क्षमता से अपना काम करते रहें।



## बेहाला कॉलेज में नए प्रोफेशनल डिग्री कोर्स शुरू, मूपल इंस्टीट्यूट करेगा शैक्षणिक सहयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नई पीढ़ी के प्रोफेशनल डिग्री कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। एनएएसी -++ मान्यता प्राप्त इस स्वायत्त महाविद्यालय ने मॉपेट इंस्टीट्यूट के सहयोग से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत साइबर सिक्योरिटी में बीएससी, मल्टीमीडिया, डिजाइन एवं वेब डेवलपमेंट में बीएससी तथा बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (बीसीए) पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इन उद्योग-केंद्रित कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी दक्षता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करना है। छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण, आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सहायता दी जाएगी। मूपल इंस्टीट्यूट की निदेशक पायल चोपड़ा ने कहा कि साइबर सिक्योरिटी, मल्टीमीडिया और आईटी क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग शिक्षा और रोजगार क्षमता के बीच की दूरी को कम करने में मदद करेगा। डॉ. सुदीप कुमार चक्रवर्ती, प्राचार्य, बेहाला कॉलेज (स्वायत्त) ने कहा कि उच्च शिक्षा को तकनीक और उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुरूप विकसित करना समय की मांग है। उन्होंने बताया कि एआईसीटीई की स्वीकृति से शुरू किए गए इन पाठ्यक्रमों में कौशल विकास और नवाचार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## श्रीरामपुर नगरपालिका पहुंचे विधायक दिलीप सिंह, नागरिक सुविधाओं और प्रोटोकॉल पालन पर दिया जोर

**हुगली :** चांपदानी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप सिंह शुक्रवार को श्रीरामपुर नगरपालिका के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से बातचीत कर नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्षदों को मानसून से पहले निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आम लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। दौरे के दौरान कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की तस्वीर लगाने को लेकर पालिका चेयरमैन गिरधारी शाह के साथ हल्की नोकझोंक हुई, जिसे तुरंत सुलझा लिया गया। चेयरमैन ने कहा कि यदि राज्य सचिवालय से निर्देश मिलता तो तस्वीर लगा दी जाती, जबकि विधायक ने प्रोटोकॉल के पालन पर जोर देते हुए कहा कि नई सरकार के निर्देशों के अनुसार ही काम करना होगा। विधायक दिलीप सिंह ने कहा कि वे दिन में केवल 2 घंटे ही विश्राम कर पा रहे हैं और उनका लक्ष्य चांपदानी को एक मॉडल व अत्याधुनिक शहर बनाना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, निकासी और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। बाद में पालिका चेयरमैन गिरधारी शाह ने विधायक का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।



## कूचबिहार में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार, कोर्ट में लगे 'चोर-चोर' के नारे

**कूचबिहार :** जिले में चुनावी माहौल के बीच तृणमूल कांग्रेस के वार्ड दो के पार्षद उज्ज्वल तर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार शाम को कोतवाली थाना पुलिस ने उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया। शुक्रवार को कोर्ट में पेशी के दौरान माहौल उस समय गरमा गया जब अदालत में प्रवेश करते वक्त कुछ लोगों ने उन्हें घेरकर 'चोर-चोर' के नारे लगाए। मामला चुनाव से एक दिन पहले का है जब कूचबिहार दक्षिण सीट से भाजपा उम्मीदवार रथींद्रनाथ बोस एक बीमार महिला कार्यकर्ता के घर पहुंचे थे। आरोप है कि उसी दौरान उज्ज्वल तर और उनके समर्थकों ने वहां पहुंचकर पैसे बांटने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और उन्हें वहां से जाने पर मजबूर किया। इसके बाद, रथींद्रनाथ बोस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जबकि महिला कार्यकर्ता ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी। उसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उज्ज्वल तर को गिरफ्तार किया। पार्षद के परिवार का आरोप है कि पुलिस बिना किसी नोटिस के जबरन घर में घुसकर उन्हें उठा ले गई। शुक्रवार को कोर्ट में पेशी के बाद न्यायालय ने उज्ज्वल तर को 11 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



## तृणमूल के कथित भूमि माफिया की गिरफ्तारी, पड़ोसी से मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप

**हुगली :** जिले के ग्रामीण पुलिस की पहल पर दादपुर थाने की पुलिस ने कथित जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश, शारीरिक उत्पीड़न, हत्या के प्रयास तथा महिला से छेड़छाड़ के आरोप में दर्ज मामले में दादपुर थाना पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के एक ग्राम सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत के आधार पर 20 मई 2026 को दादपुर थाने में एक मामला दर्ज किया गया। भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 331, 329(3), 115(2), 117(2), 303(2), 76, 109 और 3(5) में दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने एफआईआर में नामजद आरोपी काशीनाथ घोष को गिरफ्तार किया। आरोपी नकुल घोष का पुत्र है और हुगली जिले के दादपुर थाना अंतर्गत दिघागड़ी गांव का निवासी बताया गया है। वह वर्तमान में दादपुर थाना क्षेत्र के साटीथान पंचायत अंतर्गत डुमुरपुर गांव में तृणमूल कांग्रेस के ग्राम सदस्य पद से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हुगली के चूंचूड़ा स्थित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अदालत में पेश किया गया। मामले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस ने अदालत से आरोपी की 5 दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की है।




## भाजपा ने 50 से अधिक नेताओं को भेजा नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आने के बाद भाजपा अब संगठनात्मक अनुशासन को लेकर पहले से अधिक सतर्क और संयमित दिख रही है। राज्य भाजपा की अनुशासन समिति ने अब तक 50 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को शो-कॉज नोटिस भेजे हैं। आरोपों में राजनीतिक हिंसा, विरोधी दलों के समर्थकों पर हमला, धमकी देकर वसूली और सिंडिकेट संस्कृति को बढ़ावा देने जैसे मामले शामिल हैं। हालांकि, इन नोटिसों में व्यवहारिक तौर पर निलंबन जैसी स्थिति बनाई गई है, लेकिन 'सस्पेंड' या 'बरखास्त' जैसे शब्दों से जानबूझकर परहेज किया गया है।

## डेबरा और सबंग से दो तृणमूल नेता गिरफ्तार, मारपीट व चुनाव बाद हिंसा का मामला

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले में पुलिस ने गुरुवार की रात तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। इनमें डेबरा ब्लॉक तृणमूल के अध्यक्ष प्रदीप कर और सबंग पंचायत समिति के पूर्ति कार्याध्यक्ष तरुण मिश्रा शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रदीप कर के खिलाफ वर्ष 2025 में एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला दर्ज था। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं, तरुण मिश्रा को वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पहले से चल रही थी और साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

## न्यायालय आईपैक पर ईडी की छापेमारी बाधित करने के मामले की 18 अगस्त को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर 18 अगस्त को सुनवाई करेगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रदेश के अन्य अधिकारियों ने आठ जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श कंपनी आईपैक के कार्यालय पर छापेमारी की कार्रवाई के दौरान बाधा उत्पन्न की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद इस मामले की सुनवाई करेंगे। पीठ ने कहा कि हम आंशिक कार्य दिवसों के बाद इस पर सुनवाई करेंगे।

# हाई कोर्ट ने हावड़ा स्टेशन के पास फेरीवालों को हटाने पर लगाई अंतरिम रोक, 10 जून को अगली सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ ने शुक्रवार को कोलकाता के हावड़ा स्टेशन के पास फेरीवालों को हटाने के अभियान पर अंतरिम रोक लगा दी। बता दें कि राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। याचिका में फेरीवालों को हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई थी। यह मामला शुक्रवार को न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की एकल पीठ के सामने सुनवाई के लिए आया। विस्तृत सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने जून के अंतिम सप्ताह तक फेरीवालों को हटाने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई 10 जून को तय की गई है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से माकपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने अदालत में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत में कहा कि फेरीवाले हुगली रिवर वाटरवे ट्रांसपोर्ट को किराया देकर अपनी दुकानें चलाते हैं। यह संस्था पश्चिम बंगाल सरकार के अधीन काम करती है। उन्होंने कहा कि फेरीवाले नियमित रूप से किराया देते हैं। मेरे पास उनकी किराया रसीदें भी हैं। मैंने ये रसीदें अदालत में आवेदन के साथ जमा की हैं। याचिकाकर्ताओं के पास वैध व्यापार लाइसेंस, जीएसटी और सेवा कर पंजीकरण भी हैं। हुगली रिवर वाटरवे ट्रांसपोर्ट ने रेलवे अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी थी। रेलवे की ओर से जारी बेदखली नोटिस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं हैं। नोटिस सिर्फ दीवारों पर चिपकाए गए थे, किसी को व्यक्तिगत रूप से नहीं दिए गए। मेरी कोर्ट से अपील है कि इन नोटिस को तुरंत रद्द किया जाए।

न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने रेलवे के वकील से पूछा कि क्या किसी विकास परियोजना को लागू करने के लिए इतनी जल्दबाजी में यह कार्रवाई की जा रही है। इस पर रेलवे की ओर से कहा गया कि हावड़ा स्टेशन को उन रेलवे स्टेशनों में शामिल किया गया है, जहां 2024 में शुरू की गई अमृत भारत परियोजना के तहत सफाई अभियान चलाया जाएगा। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि फेरीवालों को भी अपना पक्ष रखने का उचित अवसर दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने हुगली रिवर वाटरवे ट्रांसपोर्ट के प्रतिनिधि को 10 जून की अगली सुनवाई में कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश भी दिया।

### फेरीवालों ने रेलवे स्टेशनों से हटाये जाने के विरोध में प्रदर्शन किया




**सीआईटीयू से संबद्ध पश्चिम बंगाल रेलवे हॉकर यूनियन से जुड़े फेरीवालों ने परिसर और आसपास के क्षेत्रों से हटाये जाने के विरोध में सियालदह रेलवे स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया। यूनियन ने दावा किया कि फेरीवालों की आजीविका छिन गई है। इसने फेरीवालों के पुनर्वास की मांग की।**

## उत्तर हावड़ा तेरापंथ समाज ने नवनिर्वाचित विधायकों का किया सम्मान



**हावड़ा :** उत्तर हावड़ा जैन श्वेतांबर तेरापंथी समाज की ओर से पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों उमेश राय, संजय सिंह और विजय ओझा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर हावड़ा स्थित तेरापंथ सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह में जतनलाल पारख, जगत सिंह टांटिया, अशोक भंसाली, संजय सेठिया, संदीप डागा, विनीत कोठारी, अरुण बोहरा, दीपक नखत, सुजाता दूगड़, जेठमल शामसुखा, राकेश संचेती, ज्ञानचंद मुशर्रफ, सुरेंद्र बोथरा, सुशील गंग, सुरेश डांगी, आनंद पारख, संजय बच्छावत, महावीर दूगड़, रणजीत बोथरा, प्रकाश बोथरा, कमल दूगड़, जुगल किशोर बोथरा, रितेश खटेड, श्रेयांश खटेड़ और महेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को सम्मानित करते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## झांसी में बच्चों के साथ सो रही महिला की धारदार हथियार से हत्या, एक संदिग्ध हिरासत में

**झांसी (उप्र) :** झांसी जिले में टोड़ीफतेहपुर थानाक्षेत्र के बुढाई गांव में शुक्रवार को बच्चों के साथ सो रही महिला की कथित रूप से धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि मृत महिला की पहचान रजनी (40) के रूप में हुई है जो भूपत अहिरवार की पत्नी थी। उन्होंने कहा कि रजनी के पति काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं तथा वह ससुराल में बच्चों के साथ रह रही थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब चार बजे बच्चों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी और परिजनों को इस घटना की जानकारी हुई। कुमार के अनुसार बृहस्पतिवार रात रजनी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं तथा रजनी का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## बिहार में प्रशासनिक फेरबदल, कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला

**पटना :** बिहार सरकार ने शुक्रवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों का तबादला किया तथा कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, 1992 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक कुमार सिंह को राज्यपाल का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, 1995 बैच के आईएएस अधिकारी और मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी को गृह विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। वहीं, 2004 बैच के आईएएस अधिकारी और उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार को गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार 2007 बैच के आईएएस अधिकारी तथा वित्त विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह को सामान्य प्रशासन विभाग में सतर्कता आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा, 2009 बैच की आईएएस अधिकारी एवं बिहार मानवाधिकार आयोग की सचिव सीमा त्रिपाठी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। उधर, 2013 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव कुमार श्रीवास्तव को वित्त विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया।

## गंगा नदी में बीयर पीते हुए युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ प्रसारित, मुकदमा दर्ज

वाराणसी (उप्र) : वाराणसी में गंगा नदी में नहाते समय 'बीयर' पीते एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद शुक्रवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया गया। त्रिपाठी ने कहा,' इस वीडियो में व्यक्ति को गंगा नदी में खुलेआम बीयर पीते हुए देखा जा सकता है।' उन्होंने कहा कि भाजपा नेता शशांक त्रिपाठी की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है तथा वीडियो और घटना के स्थान की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक बिहार के रोहतास जिले का रहने वाला बताया जा रहा है जिसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम बिहार रवाना की जा रही है । उसने कहा कि आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि चूंकि गंगा करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है इसलिए कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो।

## अमृतसर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस पलटने से दो छात्रों की मौत

**चंडीगढ़ :** अमृतसर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक निजी बस पलट गई और इस हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की। मान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पंजाबी में पोस्ट कर कहा, बटाला के सेखवां पुलिस थाने के पास बस पलटने की खबर बेहद दुखद है। इस दुर्घटना में हुई दो मौतों पर मैं गहरा शोक व्यक्त करता हूं। बटाला की सेखवां पुलिस थाना प्रभारी राजवंत कौर ने बताया कि जम्मू निवासी दोनों पीड़ित युवक लगभग 23 वर्ष के थे और पंजाब के एक कॉलेज के छात्र थे। बस में यात्रा कर रहे यात्रियों में लगभग 10 छात्र शामिल थे। अधिकारी ने बताया, पांच घायलों को गुरदासपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें तीन छात्रों के सिर में चोट लगी है।

# हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं, तभी जनता जनार्दन हमें चुनती है: योगी आदित्यनाथ

**देवरिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 'हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं, तभी जनता जनार्दन हमें चुनती है।' योगी ने यहां 655 करोड़ रुपये की 19 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, हमारी सरकार समस्याओं को टालने वाली नहीं, बल्कि समाधान देने वाली सरकार है। हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं, तभी जनता जनार्दन हमें चुनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश विकास की नई गति पकड़ी है तथा अब विकास की यह यात्रा रुकने वाली नहीं है। एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश ने नए भारत का दर्शन किया है तथा प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने तेजी से अवसंरचना विकास को प्राथमिकता दी, क्योंकि



गति जितनी तेज होगी, विकास का लाभ उतनी ही तेजी से आम जनता तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से कहा कि कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और नए सत्र से इसे शुरू करने की तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय किसानों को आधुनिक तकनीक, कम लागत और अधिक उत्पादन की दिशा में नई राह दिखाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह गोरखपुर से सांसद थे, तब उन्हें अक्सर देवरिया आना पड़ता था। उन्होंने कहा, ''उस समय राज्य में अराजकता, उत्पीड़न और तुष्टीकरण की राजनीति थी। गोरखपुर से देवरिया तक सड़कें बदहाल थीं, कई हिस्सों में सिंगल लेन मार्ग था और चौरी-चौरा रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम लगता था। लेकिन आज वही देवरिया फोर लेन कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है।'' योगी ने कहा कि अच्छी सड़कें, फ्लाईओवर, पुल और अन्य मजबूत बुनियादी ढांचे ही रोजगार एवं निवेश की नींव होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि देवरिया में मेडिकल कॉलेज बनेगा, लेकिन आज महर्षि देवरहा बाबा के नाम पर सरकारी मेडिकल कॉलेज चल रहा है।

### सभी की समस्या का समाधान उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

**गोरखपुर, (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह यहां गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को आश्वासन दिया कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए तथा हर निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। एक बयान के मुताबिक इस मौके पर मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया।

## हरियाणा: स्विमिंग पूल में डूबने से 'अच्छे तैराक' की मौत, परिजनों ने संदेह जताया

**चंडीगढ़ :** सोनीपत स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में क्रिकेट कोचिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कर रहे 28 वर्षीय एक छात्र की कथित तौर पर स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ''अच्छा तैराक'' बताया जाने वाला निशांत गौतम बृहस्पतिवार शाम विश्वविद्यालय के स्विमिंग पूल में डूब गया। पुलिस के एक अधिकारी ने पत्रकारों से कहा, ''हमें सूचना मिली कि डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, परिजनों ने कहा है कि उसकी मौत संदिग्ध है और मामले की गहन जांच की जानी चाहिए।'' पुलिस ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है और स्विमिंग पूल पर किए गए सुरक्षा इंतजामों की जांच जारी है, तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद स्विमिंग पूल क्षेत्र को सील कर दिया गया।

## न्यूज अपडेट

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस में लगी आग, चालक की जलकर मौत

**फिरोजाबाद :** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के कानपुर से गुरुग्राम जा रही डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे बालू से भरे डंपर से टकरा गई, जिसके बाद बस में आग लग गई। हादसे में बस चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा थाना मत्सेना क्षेत्र में हुआ। बताया जाता है कि डंपर पहले डिवाइडर से टकराकर पलट गया था। इसी दौरान पीछे से आ रही डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलटे हुए डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में शॉर्ट सर्किट हो गया और आग लग गई। बस में सवार यात्रियों ने शीशे तोड़े और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में कानपुर निवासी 48 वर्षीय बस चालक शंभू की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, बस का कंडक्टर समेत करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। इनमें सात यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें फिरोजाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य घायलों को सैफई भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) रविशंकर प्रसाद और नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे ने बताया कि बस में करीब 45 यात्री सवार थे और यह कानपुर से गुरुग्राम जा रही थी। दमकल विभाग ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद कुछ समय तक प्रभावित रहा एक्सप्रेसवे का यातायात बाद में सामान्य हो गया।

### जौनपुर में टावर से गिरकर युवक की मौत मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

**जौनपुर (उप्र) :** जौनपुर जिले में जमीन की पैमाइश से नाराज युवक के मोबाइल टावर से गिरकर मौत के मामले में जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने अपर ज़िलाधिकारी (एडीएम) के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन पीड़ित परिवार का सहयोग कर रहा है। जांच समिति में एडीएम (वित्त एवं राजस्व), परियोजना निदेशक (डीआरडीए) और उप संचालक (चकबंदी) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार को पारिवारिक लाभ योजना, कृषक दुर्घटना बीमा योजना और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। सदर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) देवेश सिंह के अनुसार, बक्शा थाना क्षेत्र के उतरेजपुर गांव निवासी श्रीप्रकाश यादव (30) बृहस्पतिवार को मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। वह अपनी जमीन की दोबारा पैमाइश कराकर उसे चिह्नित कराने की मांग कर रहा था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह मांग पर अड़ा रहा। इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर जमीन की नाप शुरू की। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे श्रीप्रकाश यादव अचानक टावर से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दो साल बाद परिवार को मिला मूक-बधिर बालक, योगी सरकार का जताया आभार

लखनऊ : करीब दो वर्षों से लापता मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक) मोहान रोड, लखनऊ के प्रयासों से उसके परिवार से मिलवाया गया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को जब बालक को पश्चिम बंगाल से आए परिजनों को सौंपा गया तो उन्होंने भावुक होकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार का आभार जताया। बाल कल्याण समिति, मेरठ के आदेश पर 12 सितंबर 2025 को करीब 13 वर्षीय मूक-बधिर बालक रमजान को राजकीय बालगृह, मोहान रोड में प्रवेश दिलाया गया था। बालक बोल-सुन नहीं सकता था इसलिए अपना नाम, पता या परिवार की जानकारी देने में असमर्थ था। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बालगृह प्रशासन ने उसकी पहचान जानने के प्रयास जारी रखे।

## झारखंड में 50 लाख रु से अधिक कीमत के मादक पदार्थ जब्त, पांच गिरफ्तार

**चतरा/हजारीबाग :** झारखंड पुलिस ने दो जिलों में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिस ने दो चार पहिया वाहन जब्त कर उनके भीतर से 324 किलोग्राम अफीम की भूसी बरामद की। चतरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिमेष नैथानी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग हजारीबाग जिले में अफीम की भूसी ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया गया और एक वाहन से 169 किलोग्राम अफीम की भूसी और दूसरे से 155 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। एसपी के अनुसार, मौके से फरार हुए दोनों वाहनों के चालकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाजार में जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। दूसरी ओर, हजारीबाग जिले में चलाए गए एक अन्य अभियान में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 54 ग्राम 'ब्राउन शुगर' जब्त की है। हजारीबाग के एसपी अमन कुमार ने बताया, हमने एक गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें राहुल कुमार नामक आरोपी भी शामिल है, जिसके खिलाफ जिले के पांच अलग-अलग थानों में 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों के पास से कुल 54 ग्राम 'ब्राउन शुगर' और छह मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

# गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' शुरू करेगी। शर्मा शुक्रवार सुबह डूंगरपुर जिले के धम्बोला गांव में घूमे और आम लोगों से सवांद किया। मुख्यमंत्री ने गांव की गलियों में पैदल चलते हुए बुजुर्गों की कुशलक्षेम जानी, उनका आशीर्वाद लिया तो कहीं स्थानीय दुकानदारों से उनके व्यवसाय एवं दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि शर्मा ने रात्रि विश्राम इसी गांव में किया था। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ चाय पी। इस दौरान



उन्होंने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के पानी के उचित प्रबंधन और तालाबों के संरक्षण से गांवों में जल संकट की समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। राज्य सरकार गंगा दशहरा (25 मई) से 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' शुरू करने जा रही है। इस अभियान के माध्यम से जनभागीदारी के साथ गांवों में जल संरक्षण एवं जल संचयन के कार्य किए जाएंगे, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को जिले में नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा अधिकाधिक युवाओं को इस मुहिम से जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को गांव के खेमसागर तालाब पर पाल निर्माण एवं पौधारोपण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर खेल सुविधाओं के विस्तार एवं राजकीय विद्यालय में कक्षा कक्षों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

# 'एनकाउंटर में जाति पूछनी चाहिए': तेजस्वी के आरोप पर सम्राट चौधरी का तंज

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के 'जाति देखकर एनकाउंटर' किए जाने के आरोप पर तंज कसते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि पुलिस मुठभेड़ होती है तो उसमें ''जाति भी पूछनी चाहिए'।



मुख्यमंत्री ने पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'पुलिस एनकाउंटर यदि होता है तो उसमें जाति भी पूछनी चाहिए। मैं तो पुलिस वालों से कहूंगा कि जाति पूछिए, जाति पूछकर ही गोली चलाइएगा, ऐसे गोली मत चलाइएगा।' सम्राट चौधरी की यह टिप्पणी तेजस्वी यादव के उस बयान के बाद आई है, जिसमें तेजस्वी ने आरोप लगाया था कि बिहार में 'जाति देखकर एनकाउंटर'' किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रही है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को स्वतंत्र रूप से काम करने दिया गया है। चौधरी ने तेजस्वी के इस आरोप को हास्यास्पद और सामान्य समझ से परे बताते हुए कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य बिहार में सुशासन स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस को खुली छूट दी गई है कि जो भी कानून को चुनौती दे, उसे 48 घंटे के भीतर जवाब दिया जाए। उल्लेखनीय है कि राजद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि बिहार में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रही है। तेजस्वी यादव ने यह भी आरोप लगाया था कि राज्य में 'जाति देखकर एनकाउंटर' किए जा रहे हैं।

## बाराबंकी:किराना कारोबारी के घर फिल्मी अंदाज में डकैती,एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी-जेवर लूटे

**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी जिले में देवा थानाक्षेत्र के ग्वारी गांव में शुक्रवार तड़के सात हथियारबंद डकैतों ने किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बना लिया और उसके घर से करीब 1.02 करोड़ रुपये की नकदी एवं जेवरात लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि वारदात के दौरान बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। पुलिस के अनुसार तड़के डकैत देवा-बाराबंकी मार्ग पर दरवाजा तोड़कर किराना कारोबारी आलोक जायसवाल के घर में पीछे से घुसे, उस वक्त परिवार के लोग गहरी नींद में थे। पुलिस के मुताबिक घर में आलोक, उनकी पत्नी, बेटा हिमांशु, बहू, मायके आईं दो बेटियां और एक मासूम बच्चा मौजूद थे। पुलिस के अनुसार डकैतों ने पूरे परिवार को एक जगह बैठा दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी मुंह पर टेप चिपका दिया। उन्होंने रोने पर बच्चों को पीटा। पुलिस का कहना है कि करीब एक घंटे तक बदमाश अलमारियां, लॉकर और घर का कोना-कोना खंगालते रहे। पीड़ित परिवार के मुताबिक डकैत करीब 12 लाख रुपये नकद और लगभग 90 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर ले गए। सुबह करीब 4:22 बजे सभी डकैत फरार हो गए। बाद में परिवार ने खुद को मुक्त कर पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घर की जांच की गई और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं।

## गोरखपुर में दसवीं के 'टॉपर' की राप्ती नदी में डूबने से मौत, मां ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया



**गोरखपुर, (उप्र) :** गोरखपुर जिले के झंगहा थानाक्षेत्र में राप्ती नदी में नहाते समय एक विद्यार्थी की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस विद्यार्थी की मां ने उसके दोस्तों पर शैक्षणिक सफलता से ईर्ष्या के चलते उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक अंश मौर्य (16) आदित्य पब्लिक स्कूल में ग्यारहवीं का छात्र था। उसने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया था। पुलिस के मुताबिक अंश बृहस्पतिवार दोपहर पांच दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। दोपहर करीब तीन बजे परिजनों को उसके डूबने की सूचना मिली। जब रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो वहां अंश के कपड़े और चप्पलें मिलीं, जबकि उसके दोस्त गायब थे। पुलिस और एसडीआरएफ ने बृहस्पतिवार रात तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन कम रोशनी के कारण अभियान रोकना पड़ा। शुक्रवार सुबह दोबारा तलाशी शुरू हुई। करीब छह घंटे बाद दोपहर एक बजे एसडीआरएफ ने अंश का शव बरामद किया। अंश की मां प्रतिमा मौर्य अपने दो बेटों के साथ रामनगर में अपने मायके में रहती हैं। उनके पति पंजाब में टाइल ठेकेदार हैं। प्रतिमा ने आरोप लगाया,'मेरा बेटा टॉपर था और दोस्त उससे ईर्ष्या करते थे। उन्होंने उसे डुबो दिया।' पुलिस ने पांचों दोस्तों से पूछताछ की है। सूत्रों के अनुसार, उनके बयान विरोधाभासी हैं। दोस्तों ने दावा किया कि अंश पूरे कपड़े पहने गहरे पानी में चला गया था, जबकि उसके कपड़े बाद में पास की झाड़ियों से बरामद हुए।

## अदालत ने रांची जेल में महिला कैदी के कथित यौन शोषण के मामले का स्वतः संज्ञान लिया

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल की एक महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा कथित यौन शोषण की खबर का शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले में एक जनहित याचिका दर्ज की। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अवकाशकालीन खंडपीठ ने राज्य सरकार को इस मुद्दे पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा को हलफनामा दाखिल करने और जांच में उठाए गए कदमों के बारे में अदालत को अवगत कराने का भी आदेश दिया। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, पीठ ने कहा, 'इतने गंभीर मामले में, जहां कैदियों के कल्याण के संरक्षक पर ही यौन शोषण का आरोप लगाया गया है, राज्य को इस बारे में उचित और विस्तृत जवाब देना होगा कि आरोपों की सत्यता की पुष्टि के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।' न्यायालय ने पाया कि बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल के अधीक्षक द्वारा महिला कैदी के कथित यौन शोषण से पीड़िता गर्भवती हो गई।

## बकरीद पर संभल को पांच जोन में बांटकर चुस्त दुरुस्त की गयी सुरक्षा व्यवस्था, 18 मजिस्ट्रेट तैनात

**संभल (उप्र) :** संभल में बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है तथा सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले को पांच जोन में बांटा गया है और 18 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी निगरानी शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी (डीएम) अंकित खंडेलवाल ने बताया कि बकरीद पर्व 28, 29 और 30 मई को मनाया जाएगा तथा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के साथ शांति समिति की बैठक की गई जिसमें मुस्लिम धर्मगुरु और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'बैठक का मुख्य संदेश यही था कि कुर्बानी और नमाज परंपरागत स्थानों पर ही हों। परंपरा से इतर कोई नई व्यवस्था शुरू न की जाए। लोग पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें।' डीएम ने बताया कि कुर्बानी के दौरान और बाद में बड़े पैमाने पर साफ-सफाई एवं पानी की जरूरत होती है जिसके लिए स्थान चिह्नित कर टैंकर और वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं और कुत्तों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाये जायेंगे तथा अवशेष उठाने के लिए नगरपालिका और नगर पंचायतों को अतिरिक्त वाहन लगाने को कहा गया है। जिला प्रशासन के अनुसार संभल को कुल पांच जोन में बांटा गया है तथा 18 जगहों पर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

# उत्तर प्रदेश में लू चलने की चेतावनी, 'रेड अलर्ट' जारी

**लखनऊ :** लखनऊ में मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया और 'गंभीर' से 'बहुत गंभीर' लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, भदोही और जौनपुर जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है, जहां दिन के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर सहित 34 जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जहां लू चलने और गंभीर लू की स्थिति का पूर्वानुमान जताया गया है। मौसम कार्यालय ने देवरिया, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद,



लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, कासगंज, अमरोहा, शाहजहांपुर, संभल और बदांयू समेत 17 जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' भी जारी किया है, जिसमें लू की स्थिति का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि सप्ताह के दौरान राज्य में कहीं और कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम कार्यालय द्वारा जारी चेतावनी वर्गीकरण के तहत 'येलो अलर्ट' का मतलब होता है कि लोग अपडेट रहें। विभाग ने बताया कि लू की स्थिति दो दिनों तक बनी रह सकती है। 'ऑरेंज अलर्ट' में निवासियों और अधिकारियों को तैयार रहने की सलाह दी जाती है और विभाग के अनुसार, गंभीर लू की स्थिति दो दिनों तक जारी रह सकती है या अलग-अलग तीव्रता की लू की स्थिति चार दिनों या उससे अधिक समय तक बनी रह सकती है। 'रेड अलर्ट' में तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया जाता है और मौसम विभाग के मुताबिक गंभीर लू की स्थिति दो दिनों से अधिक समय तक जारी रहने और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश बृहस्पतिवार को भीषण गर्मी की चपेट में रहा और बांदा में राज्य का सबसे अधिक तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रयागराज में 46.6 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी (बीएचयू) में 45.6 डिग्री सेल्सियस, सुल्तानपुर और हमीरपुर में 45.2 डिग्री सेल्सियस, फुर्सतगंज में 45.1 डिग्री सेल्सियस और झांसी में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लखनऊ का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक था जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ में अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 59 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 15 प्रतिशत दर्ज की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विभागों को पूर्ण सतर्कता बरतने और गर्मी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# उप्र की देसी गायों के हाई प्रोटीन दूध, गो उत्पादों की भारतीय सेना में बढ़ रही मांग

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की देसी गायों के हाई प्रोटीन दूध और गो उत्पादों की भारतीय सेना में मांग बढ़ रही है। साथ ही प्रदेश में तैयार उच्च स्तरीय गो उत्पादों की आपूर्ति अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई तक ऑनलाइन की जा रही है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से राज्य में गो संरक्षण अब ''राष्ट्रशक्ति और आर्थिक समृद्धि का नया मॉडल बनकर उभरा है।' पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रयागराज के इंजीनियर एसएन द्विवेदी ने नोएडा में रोजगार के साथ गो संरक्षण का नया मॉडल पेश किया है। उनकी गोशाला की गिर, साहीवाल समेत देसी नस्लों



की गायों के दूध में उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन और प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही वजह है कि सेना में इसके उपयोग की मांग लगातार बढ़ रही है। बयान के मुताबिक, प्रदेश में पहली बार आइसलैंड और डेनमार्क की अत्याधुनिक डेयरी तकनीक से दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग की वैज्ञानिक व्यवस्था की गई है। इसे अपनी तरह का देश का पहला अभिनव प्रयोग माना जा रहा है। नोएडा में 200 देसी गायों की डेयरी चला रहे एसएन द्विवेदी अब अलीगढ़ में 500 गायों की अत्याधुनिक गोशाला तैयार कर रहे हैं। द्विवेदी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें गो सेवा को बड़े स्तर पर बढ़ाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण गांवों की अर्थव्यवस्था बदलने का बड़ा माध्यम बन सकता है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गोशालाओं, आधुनिक डेयरी तकनीक और ऑनलाइन मार्केटिंग से प्रदेश का देसी गाय आधारित मॉडल राष्ट्रीय पहचान बना चुका है।

## विदेशी मुद्रा भंडार आठ अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब अमेरिकी डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद रुपये पर दबाव बढ़ने और विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई द्वारा डॉलर की बिक्री के जरिए हस्तक्षेप किए जाने से मुद्रा भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट दर्ज की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 मई को देशवासियों से विदेशी यात्राएं कम करने, ईंधन की खपत घटाने और एक वर्ष तक सोने की खरीद से बचने की अपील भी की है, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत की जा सके।

## रुपया 76 पैसे मजबूत होकर 95.60 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी आई और डॉलर के मुकाबले यह 76 पैसे मजबूत होकर 95.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों के घटने और भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपये में यह मजबूती आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणी से बाजार को कुछ राहत मिली। उन्होंने संकेत दिया था कि ईरान से जुड़े मुद्दे पर कूटनीतिक वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में गिरावट से भी रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.30 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये में मजबूती बनी रही। कारोबार के अंत में रुपया 95.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 76 पैसे अधिक है। बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले बंद स्तर से उबरते हुए 50 पैसे की तेजी के साथ 96.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# गिफ्ट सिटी के जरिए भारत पेश करता है पैमाना, प्रतिभा एवं वृद्धि अवसरों का संयोजन: सीतारमण



**गांधीनगर :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत गुजरात में स्थित गिफ्टी सिटी के माध्यम से पैमाना, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और वृद्धि के अवसरों का एक अनूठा संयोजन पेश करता है। सीतारमण ने 'गुजरात अंतरराष्ट्रीय वित्त प्रौद्योगिकी' (गिफ्ट) सिटी और यहां विकसित हो रही अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा परिवेश की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। गिफ्ट सिटी गुजरात की राजधानी गांधीनगर में स्थित देश का पहला सक्रिय स्मार्ट सिटी है और यहां पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) मौजूद है। वित्त मंत्री ने बैठक के बाद अपने संबोधन में कहा कि अब तक हुई प्रगति उत्साहजनक है और हितधारकों के बीच निरंतर समन्वय से 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में इसकी भूमिका और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी वैश्विक वित्तीय बाजारों के साथ भारत के तालमेल को मजबूत बनाने और अंतरराष्ट्रीय पूंजी प्रवाह को सुगम बनाने में रणनीतिक भूमिका निभा रहा है। सीतारमण ने कहा कि यह शहर भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है और देश के बढ़ते आर्थिक आत्मविश्वास एवं वैश्विक आकांक्षाओं को दर्शाता है। बैठक में बैंक, वित्तीय-प्रौद्योगिकी, बीमा और कोष प्रबंधन क्षेत्रों के विस्तार, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी), विमानों एवं जहाजों के पट्टे से संबंधित परिवेश, बुनियादी ढांचे के विकास, वैश्विक कनेक्टिविटी और कारोबारी सुगमता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख सचिव पी के मिश्रा ने भी बैठक में भाग लिया। उन्होंने गिफ्ट-आईएफएससी के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कुशल पेशेवरों को आकर्षित करने और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करने पर जोर दिया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, गिफ्टी सिटी में फिलहाल 1,150 से अधिक इकाइयां वित्तीय सेवाओं, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में काम कर रही हैं। यहां बैंकिंग परिसंपत्तियां 110 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी हैं, जबकि कोष प्रबंधन गतिविधियों के तहत पूंजी प्रतिबद्धताएं 32 अरब डॉलर से अधिक हैं।

## शिकायत निवारण कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए: चौहान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को अधिकारियों को शिकायत निवारण प्रणाली में व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर शिकायतों का निपटारा करने का तब तक कोई मतलब नहीं है, जब तक कि वास्तविक लाभार्थियों को वास्तव में राहत न मिल जाए। दोनों मंत्रालयों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए चौहान ने कहा कि प्रत्येक मंत्रालय में कम से कम 10 अधिकारियों की विशेष टीम बनाई जाएंगी, जो रोजाना शिकायतों, नागरिकों के पत्रों और विभिन्न पोर्टल पर दर्ज मुद्दों की समीक्षा करेंगी। उन्होंने कहा, सुशासन जनता के जीवन में दिखना चाहिए, केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए...। किसानों, गरीबों और ग्रामीण नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए भटकना नहीं चाहिए।'' चौहान ने बताया कि उन्होंने स्वयं लाभार्थियों से संपर्क कर यह जांचा कि योजनाओं का लाभ वास्तव में उन्हें मिला या नहीं और कुछ मामलों में आधिकारिक रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में अंतर पाया गया। उन्होंने आगाह किया कि इस तरह की विसंगतियों को दूर करने के लिए शिकायतों के रुझान, क्षेत्रवार आंकड़ों और योजना-विशिष्ट बाधाओं की पहचान की जानी चाहिए और इसके बाद प्रणालीगत सुधार किए जाने चाहिए। मंत्री ने घोषणा की कि शिकायत निवारण की मासिक समीक्षा अब नियमित रूप से की जाएगी, जो सामान्यतः हर महीने के पहले सोमवार को होगी। हालांकि जून माह की समीक्षा खरीफ सीजन के कारण दूसरे सोमवार को होगी। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर उन सभी प्रक्रियात्मक बाधाओं, जटिल नियमों और नीतिगत कमियों की पहचान करने का भी निर्देश दिया, जो प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल बीमा, बागवानी और सड़क कार्यक्रमों सहित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा बन रही हैं।

## निकट अवधि में भारत का आर्थिक परिदृश्य आपूर्ति संबंधी दबावों से प्रभावित: आरबीआई बुलेटिन

**मुंबई :** आपूर्ति पक्ष के दबावों के कारण निकट अवधि में भारत के आर्थिक परिदृश्य को लेकर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है और पश्चिम एशिया संघर्ष का घरेलू मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले असर को नजर में रखना जरूरी है। शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक बुलेटिन में यह आकलन पेश किया गया। आरबीआई बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित एक लेख के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया से जुड़ी अनिश्चितताओं की छाया बनी हुई है। हालांकि इस अनिश्चितता के बावजूद अप्रैल में घरेलू आर्थिक गतिविधियों में मजबूती देखने को मिली। लेख के मुताबिक, पश्चिम एशिया का संघर्ष जिंस बाजारों, वैश्विक व्यापार प्रवाह और आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव डाल रहा है, जिससे वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारत इस चरण में मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के साथ प्रवेश कर रहा है। लेख कहता है, ''घरेलू मांग से वृद्धि को प्रमुख रूप से समर्थन मिल रहा है लेकिन निकट अवधि का परिदृश्य आपूर्ति पक्ष के दबावों के कारण कुछ हद तक प्रभावित है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख के मुताबिक, सकल मुद्रास्फीति संतोषजनक स्तर के दायरे में बनी हुई है, लेकिन घरेलू कीमतों पर इसके प्रभाव की निगरानी जरूरी है। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य महंगाई रही, जबकि मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति स्थिर रही। ईरान से जुड़े तनाव के बीच समुद्री व्यापार मार्गों और व्यापार प्रवाह में बाधाओं के कारण आपूर्ति शृंखला पर दबाव 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वस्तुओं की कीमतें अप्रैल और मई की शुरुआत में ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। एल्युमिनियम, जिंक और निकेल जैसी आधार धातुओं की कीमतें आपूर्ति में व्यवधान और ईंधन लागत बढ़ने से बढ़ गईं। लेख में कहा गया, वित्तीय परिस्थितियां, कच्चे तेल की कीमतें और पूंजी प्रवाह बाह्य क्षेत्र के परिदृश्य के लिए चुनौती बने हुए हैं। अप्रैल 2026 में व्यापार घाटा मुख्य रूप से कच्चे तेल और सोने के आयात बढ़ने के कारण मार्च के मुकाबले बढ़ा।

# बैंकों में खरीदारी से घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 232 अंक चढ़ा



**मुंबई :** प्रमुख बैंकों के शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की दिशा में प्रगति की उम्मीदों से निवेश धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 231.99 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में एक समय 627.61 अंक तक की तेजी दर्ज की गई थी। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 64.60 अंक यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट लिमिटेड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, आईटीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजित इन्-वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजारों में हल्की बढ़त के साथ कारोबार हुआ। इसे निचले स्तरों पर खरीदारी और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच सकारात्मक वैश्विक संकेतों से समर्थन मिला।

## प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को रोजगार मेला में 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 'रोजगार मेला' के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव-नियुक्त युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र डिजिटल माध्यम से वितरित करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण पहल है। बयान के अनुसार, इस पहल की शुरुआत के बाद से अब तक देशभर में आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी 19वें रोजगार मेला के तहत डिजिटल माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र युवाओं को सौंपेंगे। इस अवसर पर वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, देशभर के अपने युवा साथियों के उज्ज्वल भविष्य और सशक्तीकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। इसी दिशा में कल सुबह 11 बजे मैं एक और रोजगार मेले में वर्चुअल माध्यम से भाग लूंगा, जहां मुझे विभिन्न सरकारी विभागों के लिए युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करने का सौभाग्य मिलेगा। रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

## एसबीआई कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित हड़ताल बातचीत के बाद स्थगित

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को हुई 'सकारात्मक बातचीत' के बाद टाल दिया गया है। एसबीआई ने कहा कि हड़ताल के टल जाने के बाद उसकी शाखाएं 25 और 26 मई को सामान्य रूप से खुली रहेंगी और सभी बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी। बैंक ने अपने 52 करोड़ ग्राहकों के लिए जारी परामर्श में कहा कि 25-26 मई को अखिल भारतीय एसबीआई कर्मचारी महासंघ (एआईएसबीआईएसएफ) द्वारा प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है। एआईएसबीआईएसएफ ने पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर दो दिन की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था। एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन, बंगाल सर्किल के सचिव सुदीप दत्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, प्रबंधन के साथ मुंबई में हुई बैठक सकारात्मक रही और कर्मचारी महासंघ की कई मांगों पर प्रगति हुई है। इन परिस्थितियों में प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में कर्मचारी महासंघ ने 16 सूत्री मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था।

## गोयल ने अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ घरेलू विनिर्माण बढ़ाने पर की चर्चा

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से विभिन्न उद्योग संगठनों के साथ एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता मानकों को सुधारने और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने पर चर्चा हुई। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सरकार प्रमुख मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ मिलकर घरेलू उत्पादन बढ़ाने की रणनीति तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार करीब 100 ऐसे उत्पादों की पहचान कर रही है, जिनका या तो भारत में उत्पादन नहीं होता या बहुत सीमित स्तर पर होता है। इनमें वाहन, रसायन, प्लास्टिक और पेट्रोरसायन क्षेत्र के उत्पाद शामिल हैं। इसका उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और आयात पर होने वाले विदेशी मुद्रा व्यय को कम करना है। गोयल ने कहा कि देश का आयात 2025-26 में बढ़कर 775 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 721.2 अरब डॉलर था। भारत मुख्य रूप से कच्चा तेल, सोना, चांदी, मशीनरी, उर्वरक, खाद्य तेल, रसायन, प्लास्टिक सामग्री, धातु, परिवहन उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का आयात करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कुछ क्षेत्रों, खासकर प्लास्टिक उद्योग में लागत बढ़ी है।



## जेनेवा ओपन: भांबरी और वीनस की जोड़ी पुरुष युगल के फाइनल में पहुंची

**जेनेवा :** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ शुक्रवार को जिनेवा ओपन के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की पेत्र रिक्ल और एडम पावलासेक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर इस सत्र का अपना पहला एटीपी फाइनल सुनिश्चित किया। भारतीय-न्यूजीलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सेमीफाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भांबरी और वीनस ने अहम मौकों पर शानदार खेल दिखाया और लगातार प्रभावी सर्विस के दम पर एक घंटा 12 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। फाइनल में अब उनका सामना रोमेन अर्नियोडो और मार्क पोलमांस की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में कॉन्स्टैन्टिन फ्रांटजेन और रॉबिन हासे को 7-6(4), 6-2 से हराया।

## केकेआर के रघुवंशी चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए हैं। रघुवंशी को सिर में चोट (कन्कशन) के साथ बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर है। उन्हें यह चोट बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले के दौरान कैच लेने की कोशिश में लगी। केकेआर ने जारी बयान में कहा, ''मुंबई इंडियंस के खिलाफ 20 मई को मैच के दौरान कैच लेने की कोशिश में अंगकृष रघुवंशी को कन्कशन और बाएं हाथ की एक उंगली में फ्रैक्चर हुआ, जिसके चलते वह 2026 आईपीएल से बाहर हो गए हैं। तीन बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स अभी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है।

# सनराइजर्स हैदराबाद जीती, हार के बावजूद आरसीबी तालिका में शीर्ष पर रही



**हैदराबाद :** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रन से हराया, लेकिन आरसीबी ने हार के बावजूद अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। अब 26 मई को पहले क्वालीफायर में आरसीबी का सामना गुजरात टाइटंस से होगा, जबकि सनराइजर्स 27 मई को एलिमिनेटर खेलेगी।सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अभिषेक शर्मा ने 22 गेंद में 56 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि ईशान किशन ने 44 गेंद में 79 रन बनाकर पारी को मजबूती दी। हेनरिक क्लासेन ने भी 24 गेंद में 51 रन जड़े। किशन और क्लासेन ने तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 113 रन की साझेदारी की। अंत में नीतिश रेड्डी ने 12 गेंद में नाबाद 29 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने कुल 20 चौके और 16 छक्के लगाए। 256 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत तेज रही। वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंद में 44 रन बनाए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 56 रन की पारी खेली। कृणाल पंड्या 41 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 84 रन जोड़े और टीम को 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन तक पहुंचाया। हालांकि यह जीत के लिए पर्याप्त नहीं था, लेकिन आरसीबी ने शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली।

## रोनाल्डो ने दो गोल दागकर सऊदी अरब में खिताब का सूखा खत्म किया



**रियाद :** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है। पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा। अल-हिलाल ने 34 मैचों के सत्र में अजेय रहने के बावजूद दूसरा स्थान हासिल किया। सादियो माने और किंग्सले कोमन के गोल से अल नासर ने दूसरे हाफ में बढ़त बना ली, जिसके बाद रोनाल्डो ने सत्र के लीग में अपने 27वें और 28वें गोल दागे।

## पंजाब किंग्स को प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एलएसजी पर बड़ी जीत की जरूरत

**लखनऊ :** लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलए-सजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले छह मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले सात मैचों में छह जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार छह हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब को न केवल शनिवार को यहां अपने अंतिम लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा, बल्कि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए रविवार के दो मैचों (मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बनाम दिल्ली कैपिटल्स) के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम चाहेगी कि राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों ही अपने-अपने मैच हार जाएं। अगर राजस्थान रॉयल्स मुंबई को हरा देती है तो पंजाब की उम्मीदें आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी, वहीं अगर केकेआर दिल्ली कैपिटल्स को हरा देती है तो मामला नेट रन रेट पर अटक सकता है। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से थोड़ा बेहतर है।

# अनिमेश ने रोमांच से भरी सेमीफाइनल हीट रेस में 100 मी दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बरकरार रखा



**रांची :** अनिमेष कुजुर ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के पहले दिन नाटकीय घटनाक्रम के बीच पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड फिर से हासिल कर लिया। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में कुछ ही मिनटों के भीतर राष्ट्रीय रिकॉर्ड दो बार टूटा। पहली सेमीफाइनल हीट में गुरिंदरवीर सिंह ने अनिमेष के 10 महीने पुराने 10.18 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 10.17 सेकंड का समय निकाला। लेकिन यह रिकॉर्ड कुछ ही मिनट टिक पाया क्योंकि दूसरी सेमीफाइनल हीट में अनिमेष ने 10.15 सेकंड का समय निकालकर फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब शनिवार को फाइनल में गुरिंदरवीर और अनिमेष के बीच एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रहे अनिमेष ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा तय 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफिकेशन मानक 10.16 सेकंड को भी पार कर लिया। महिलाओं की लंबी कूद में भारत की दो दिग्गज खिलाड़ी शैली सिंह और एंसी सोजन एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए जोर-आजमाइश करती नजर आईं। आखिरकार एंसी ने 6.75 मीटर की दूरी के साथ जीत हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने पिछले साल कोच्चि में शैली द्वारा बनाए गए 6.64 मीटर के मीट रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में तीन नए खिलाड़ी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाज़िर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफ़ात मिन्हास ने कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। नाज़िर और ग़ाज़ी गोरी टीम में दो विकेटकीपर हैं। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।

## विनेश को अयोग्य घोषित करने के फैसले पर उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई को फटकार लगाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 'अयोग्य' घोषित करने के फैसले के लिए शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई और केंद्र को उनका मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना 'बहुत कुछ कहता है'। पीठ ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आगामी एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए। विनेश मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को 'प्रतिशोध' की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। अदालत ने केंद्र से फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने को कहा, क्योंकि सरकारी वकील ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के नियम कुछ मामलों में पात्रता मानदंडों में छूट देते हैं। अदालत ने मौखिक रूप से कहा, ''विशेषज्ञों से उसकी संभावनाओं का मूल्यांकन करने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि वह भाग ले सके।'' अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह दोपहर 2:30 बजे इस मामले पर फिर से सुनवाई करेगी ताकि सरकारी वकील टीम के गठन के संबंध में और अधिक जानकारी पेश कर सकें। अदालत फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने 18 मई को एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें डब्ल्यूएफआई द्वारा 'अयोग्य' घोषित किए जाने के बावजूद इस वर्ष के एशियाई खेलों के लिए 30-31 मई को होने वाले चयन ट्रायल्स में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर उन्हें तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया गया था।

वर्ष 11, पूर्णांक 3600 अंक 066 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in